




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है

ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।

वेतन चार अंकों में ....


पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 76 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### बारिश से होगी नए साल की शुरूआत

**रायपुर।** प्रदेशवासियों के नए साल की शुरुआत बारिश के साथ हो सकती है। यह संभावना जताई है प्रदेश के मौसम वैज्ञानिकों ने। बताया गया है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले एक दो दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बारिश हो सकती है। वही बदल छाए रहने से तापमान में बढ़ोत्तरी होगी और लोगों को ठंड से राहत मिलेगी।


वही बात करें प्रदेश भर में ताजा मौसम की तो कई इलाकों में एक बार शीतलहर महसूस किया जा रहा है। कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है और लोग शाम होते ही घरों में दुबक रहे है। पारा गिरने से लोगों की आम दिनचर्या भी प्रभावित हुई है। फिलहाल प्रदेश में सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसी तरह रायपुर में 15.5, माना में 14.2 बिलासपुर में 13.6, पेंड्रा रोड में 10.6, अंबिकापुर में 8.2, जगदलपुर में 11.4, दुर्ग में 13.5 और राजनांदगांव में 11.9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ हैं।

# कोरोना से भिलाई में 81 साल के बुजुर्ग की मौत, एंटीजन टेस्ट में मिला था पॉजिटिव

## तीन दिन पहले सेक्टर-9 अस्पताल में हुआ था भर्ती, दुर्ग जिले में सर्वाधिक सक्रिय मरीज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। कोरोना की वापसी के बाद भिलाई में कोरोना से एक की मौत हो गई है। मृतक कैंप क्षेत्र का बताया जा रहा है। बुजुर्ग को सर्दी खांसी व बुखार होने के बाद भर्ती कराया गया था। लक्षण मिलने पर उसका एंटीजन टेस्ट किया गया जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद सेक्टर-9 अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार को बुजुर्ग की सेक्टर-9 अस्पताल में मौत हो गई है। कोरोना के ताजा वेरिएंट की दस्तक के बाद दुर्ग जिले में हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।**



बता दें देशभर में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच छत्तीसगढ़ व भिलाई में भी कोरोना पांव पसार रहा है। जिले में अब तक 13 मरीज कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इस बीच कोविड के संक्रमण से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक बुजुर्ग भिलाई के कैंप वन का रहने वाला था जिसकी उम्र 81 वर्ष बताई जा रही है। बुजुर्ग को तीन दिन पहले भिलाई के सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बुजुर्ग मरीज एंटीजन टेस्ट किया गया जिसमें उसे कोविड की पुष्टि हुई थी। इस बीच गुरुवार रात को उसकी मौत हो गई। कोविड से मौत की खबर के बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है।

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 12 नए मरीजों की पहचान हुई है। इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। प्रदेश में गुरूवार को सबसे ज्यादा मरीज दुर्ग जिले में सामने आए हैं। दुर्ग से पिछले 24 घंटों के दौरान 6 नए मरीज मिले हैं। इसके बाद से जिले में कुल कोविड पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 13 पहुंच गई है। इनमें से 2 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं 11 लोगों को उनके घरों में क्वारंटाइन किया गया है। इसके अलावा राजनांदगांव से एक, रायपुर से एक, रायगढ़ से दो, जांजगीर-चांपा से एक और बस्तर से एक मरीज की पहचान हुई है। यही नहीं दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा 13 सक्रिय मरीज हैं। दूसरे नंबर पर राजधानी रायपुर है जहां 7 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। रायगढ़ में 4 और बस्तर में 3 सक्रिय मरीज हैं।

### कोरोना से निपटने दिशा-निर्देश जारी

प्रदेश में 4255 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 12 मरीजों की पहचान हुई। प्रदेश की कोरोना पाजिटिव दर 0.28 प्रतिशत पहुंच गया है, जो बुधवार को 0.15 था। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कोरोना से निपटने के लिए अस्पतालों को दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। स्वास्थ्य संस्थान संचालकों को सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़त मरीजों की कोरोना जांच के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को भी सावधानी बरतने की जरूरत है। घर से मास्क पहनकर ही बाहर निकले। सर्दी-खांसी और बुखार के लक्षण है तो कोरोना की जांच अवश्य कराएं।

### कोरोना के वैरियंट को लेकर कोई जानकारी नहीं

जिले में किस वैरियंट का कोरोना वायरस फैल रहा है, या किस वैरियंट से संक्रमित की मौत हुई है। इसको लेकर अभी स्वास्थ्य विभाग कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा है। वर्तमान में कोरोना का नया प्रकार (स्ट्रेन) तेजी से फैल रहा है, लेकिन भिलाई में उस वायरस का संक्रमण है कि नहीं ये एम्स से टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

# विराट ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड, एक कैलेंडर इयर में सात बार पार किया 2000 रनों का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत को भले ही करारी शिकस्त मिली हो, लेकिन दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 146 साल के इतिहास में कभी नहीं हो सका।



विराट ऐसे पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट यानी तीनों प्रारूप मिलाकर सात अलग-अलग कैलेंडर वर्ष में 2000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। विराट ने साल 2023 में 35 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 36 पारियों में 66.06 की औसत से 2048 रन बनाए। इससे पहले साल 2012 में 2186 रन, साल 2014 में 2286 रन, साल 2016 में 2595 रन, साल 2017 में 2818 रन, साल 2018 में 2735 रन और साल 2019 में 2455 रन बनाए थे।

कोहली के बाद दूसरे नंबर पर श्रीलंका के कुमार संगकारा हैं। संगा ने छह बार ऐसा किया है। संगकारा ने 2013 (2868 रन), 2006 (2609 रन), 2009 (2436 रन), 2011 (2267 रन), 2012 (2148 रन) और 2004 (2124 रन) में ऐसा किया था। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर व श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने पांच-पांच बार ऐसा किया है। सचिन ने 1998 में 2541 रन, 1996 में 2234 रन, 2007 में 2201 रन, 2002 में 2133 रन और 1997 में 2011 रन बनाए थे।

# सीएम विष्णुदेव साय ने सपत्निक पहुंच किए कुल देवता के दर्शन

- गांव के पुजारी ने कराया विधि विधान से पूजा पाठ
- पारंपरिक आदिवासी वाद्य यंत्रों की गूंज से भक्तिमय हुआ वातावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** मुख्यमंत्री बनने के पश्चात पहली बार अपने गृह ग्राम बगिया पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय ने शुक्रवार को बंदरचुवा के पास तुर्री गांव पहुंचकर कुल देवता के दर्शन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कुलदेवता को गुड़, नारियल, पान, सुपाड़ी अर्पित कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



### बाघ स्वरूप देव की करते हैं पूजा

तुर्री गांव के निवासी विकास कुमार साय ने बताया कि तुर्री में घनघोर जंगल और पहाड़ियों से घिरे इसी स्थल पर मुख्यमंत्री श्री साय के पूर्वजों के दो भाईयों भगत साय और दवेल साय में से स्व. भगत साय पर बाघ ने हमला किया था,जिससे वहीं पर उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए। जहां उन्होंने प्राण त्यागे थे वहां उनका वास मानकर आस्था और विश्वास से पूजा अर्चना की जाती है। मूल स्थान के बगल में बाघ में भगत साय की देव स्वरूप वास मानकर इस स्थान पर बाघ की मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ किया जाता है। दूसरे भाई दवेल साय के वंश वृद्धि के फलस्वरूप मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आते है। साय परिवार के अलावा अन्य ग्रामीण भी तुर्री के इस स्थान को आस्था और अध्यात्म का विशेष स्थान मानते है। यह जगह चारों तरफजंगलों से घिरा हुआ है। इस देव स्थल के विशेष महत्व के कारण यहां से गुजरने वाले लोग फूल, पत्ती आदि अर्पित करने पश्चात ही यहां से आगे बढ़ते हैं।

मंदिर स्थल में गांव के पुजारी ने मुख्यमंत्री को विधि विधान से पूजा पाठ कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्वजों के आशीर्वाद से ही शुभ कार्य संपन्न होते हैं। आज तुर्री में अपने कुलदेवता का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की खुशहाली और जनहित में निरंतर कार्य करूंगा।

मुख्यमंत्री के पूर्वज सरदार भगत साय (सरदार बूढ़ा) की स्मृति में मंदिर का निर्माण कराया गया है। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में आसपास गांव के ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# कांग्रेस रोकती रही, पर अब सीबीआई आएगी और जांच करेगी

- भाजपा के प्रदेश सह-प्रभारी नितिन नबीन की स्पष्टोक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**रायपुर। प्रदेश में सरकार बनने के बाद भाजपा की पहली बड़ी संगठनात्मक बैठक कल हुई। लोकसभा चुनाव पर केन्द्रित इस बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस की सरकार सीबीआई को यहां आने से रोकती रही, लेकिन अब सीबीआई यहां आएगी और जांच भी करेगी।**

प्रदेश भाजपा में नए अध्यक्ष के मनोनयन के बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के सभी पदाधिकारी इकट्ठा हुए। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कई मुद्दों पर अपनी बात रखी है। लगातार बुलडोजर की कार्रवाई पर बीजेपी सह प्रभारी नितिन नबीन ने लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसने की बात कही है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के द्वारा डिप्टी सीएम पद को असंवैधानिक बताने के मामले पर तंज कसा है।



नबीन ने लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कई मुद्दों पर अपनी बात रखी है। नितिन नबीन ने कहा कि प्रदेश में जो भी कानून तोड़ेगा अब उसे पर बुलडोजर से कार्रवाई की जाएगी। चाहे वह कोई भी हो। इसके साथ ही नितिन ने पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा डिप्टी सीएम पद को असंवैधानिक बताने के मामले को लेकर कहा कि अब संविधान ने जो उनका हिसाब किया है पहले वह उस बात का ध्यान रखें। जनता ही संविधान बनती है और जनता ने कांग्रेस को उसका हिसाब किताब बता दिया है। उन्होंने कहा कि कवर्धा से लेकर रायपुर तक आतंक मचाने वाले सभी लोगों पर अब जांच बैठाई जाएगी। मोहम्मद अकबर को इसकी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले यह लोग सीबीआई को छत्तीसगढ़ में आने नहीं देते थे। अब सीबीआई भी आएगी और जांच भी प्रदेश में कराई जाएगी।

कांग्रेस की रैली और लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सहप्रभारी नितिन नबीन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि कांग्रेस चुनाव आते ही तैयारी में जुट जाती है। और चुनाव खत्म होता है तो सब अपने घर को चले जाते हैं। इसके साथ उन्होंने राहुल गांधी को लेकर कहा कि राहुल गांधी से भाजपा को फर्क नहीं पड़ता है। राहुल जितनी भी तैयारी करते हैं, भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में उतना फायदा मिलता है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर नितिन नबीन ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने क्या न्याय किया है? परिवार से पार्टी को बाहर निकाला है? राहुल गांधी को पहले कांग्रेस के साथ न्याय करना चाहिए, उसके बाद न्याय यात्रा निकालनी चाहिए।

# बिलासपुर में बनेगा इंटरनेशनल स्टेडियम, राज्य सरकार की जगह बीसीसीआई का रहेगा कंट्रोल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जिले में प्रदेश का दूसरा और बीसीसीआई द्वारा संचालित होने वाला पहला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। बीसीसीआई ने क्रिकेट संघ को इसकी मंजूरी दे दी है। बता दे कि रायपुर में प्रदेश का पहला इंटरनेशनल स्टेडियम बनाया गया था, जिसके प्रबंधन में राज्य सरकार का दखल रहता है। वहीं अब बिलासपुर में बनने वाला स्टेडियम पूरी तरह से बीसीसीआई द्वारा संचालित किया जाएगा।


स्टेडियम के लिए करीब 20 एकड़ जमीन की जरूर पडेगी। इसमें मैदान और पवेलियन समेत अन्य सुविधाओं का विस्तार होगा।



जमीन का चयन होने के बाद स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को सात साल पहले यानी 2016 में स्थायी सदस्यता और रणजी की मान्यता मिली थी। इसके बाद से लोगों को उम्मीद थी की बिलासपुर में भी बीसीसीआई का एक इंटरनेशनल स्टेडियम नजर आएगा। बिलासपुर क्रिकेट संघ से मिली जानकारी के मुताबिक स्टेडियम निर्माण के लिए बीसीसीआई की मंजूरी मिल गई है। शहर के आसपास जमीन खोजी जा रही है। भूमि का चयन होने के बाद खरीदी की प्रक्रिया पूरी होगी। जिसके बाद निर्माण कार्य भी जल्द कर लिया जाएगा।

# राजनीति बन गई टॉप का करियर ऑप्शन

श्रीकंचनपथ




होनहार हमेशा होनहार ही होता है। बच्चा होनहार है तो वह डॉक्टर, इंजीनियर कुछ भी बन सकता है। इच्छा हुई तो यूपीएससी भी वही क्रैक करता है। यूपीएससी सेलेक्ट होने के बाद वह आईएएस, आईपीएस, आईआरएस अधिकारी बनता है। इसके बाद यदि इच्छा हुई तो वह राजनीति में उतर जाता है। अर्थात राजनीति अब करियर का टॉप आप्शन हो गया है। हो भी क्यों नहीं? अधिकारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, नेता के आने पर उसे हाथ बांधकर खड़ा रहना ही पड़ता है। जनता को खुश करने के लिए नेताजी उसे सार्वजनिक रूप से चमकाते, धमकाते भी हैं। निर्देश लेते-लेते वह अपने जीवन से ही ऊब जाता है। इससे तो राजनीति बढ़िया है। एक बार विधायक या सांसद भर बनना है। इसके बाद पूरी जिन्दगी वह पूर्व विधायक और पूर्व सांसद के तमगे के साथ जी सकता है। चल पड़ी तो मंत्री बनकर अपनी कई पुश्तों का इंतजाम भी कर सकता है। एक बार विधायक या सांसद बन गए तो दो आप्शन होते हैं। या तो अच्छा काम करके पार्टी के गुडबुक्स में शामिल हो जाओ या फिर चुपचाप अपने घर पड़े रहो। कोई नहीं पूछने वाला। जोश है तो कुछ न कुछ करते रहो, नहीं भी करोगे तो कोई कुछ कहेगा नहीं। एक बड़ा लाभ और है। सेना को छोड़कर अब किसी भी सरकारी नौकरी में पेंशन की व्यवस्था नहीं है। पर माननीयों को इस मामले में भी दूधभात है। अकेले छत्तीसगढ़ में विधायक का एक कार्यकाल पूरा करने पर व्यक्ति 58 हजार रुपए मासिक पेंशन का हकदार बन जाता है। उसकी मृत्यु के बाद उसके जीवन साथी को आजीवन पेंशन मिलता है। इसके साथ ही आश्रित को भी पंद्रह वर्ष तक 15 हजार रुपए का पेंशन मिलता रहेगा। जीवन काल में पूर्व विधायकों को चिकित्सा भत्ता, अर्दली भत्ता, टेलीफोन भत्ता, चिकित्सा सुविधा, रेलवे कूपन और हवाईयात्रा कूपन भी मिलता है। एक गुजरात को छोड़कर शेष सभी राज्यों में पेंशन की अच्छी खासी व्यवस्था है। मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के लिए अलग से कोई पेशन व्यवस्था नहीं है। यदि वह सांसद है तो सांसद का पेंशन और विधायक है तो विधायक का पेंशन मिलता रहेगा। पर अफसरों की राजनीति में आने की यही एकमात्र वजह नहीं है। जो लोग प्रशासन में रहते हुए नेताओं को उपकृत करते रहते हैं वो समय आने पर अपनी सेवा की कीमत भी वसूल लेते हैं। नौकरी छोड़कर अपने लिये माननीय का तमगा और पेंशन सेट करवा लेते हैं। कुछ अफसर नेताओं के लिए काला-पीला करते हुए इतना गहरा धंस जाते हैं कि आखिरकार अपने आका की शरण में जाना ही पड़ता है। फिलहाल भारतीय राजनीति में अफसरों की गिनती बढ़ रही है। ऐसा ही चलता रहा तो जल्द ही शासन और प्रशासन एक दूसरे के पर्यायवाची हो जाएंगे। लोकतंत्र के चार पायों में से एक तो पहले ही ढेर हो चुका है। दो मिलकर एक हो गए तो बचेगा क्या?




## संपादकीय

### न्याय के लिए सजग

कतर में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा का कम होना राहत की बात है। भारत सरकार इस सजा के विरुद्ध सक्रिय थी और विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह सुखद खबर दी है। उल्लेखनीय है कि 26 अक्टूबर को आठ भारतीयों को मौत की सजा सुनाई गई थी, इन पर जासूसी संबंधी आरोप लगाया गया था। सजा सुनाए जाने के बाद भारत में चिंता की लहर दौड़ गई थी, क्योंकि यह अपनी तरह का पहला मामला था, जिसमें भारतीयों के प्रति ऐसी कड़ाई बरती गई थी। ये पूर्व नौसेनाकर्मी कतर की ही एक कंपनी की सेवा में जुटे थे और वहां की सेना के प्रशिक्षण से जुड़े थे। इसके बावजूद इन पर जासूसी का आरोप लगाया गया और आनन-फानन में सजा सुना दी गई। कतर ने विस्तार से जानकारी नहीं दी और भारतीय न्याय व्यवस्था की तरह पारदर्शिता के साथ फैसला भी नहीं सुनाया गया। ऐसे में, भारतीय तंत्र की नाराजगी जायज थी। अक्टूबर में सजा सुनाई गई और नवंबर में ही उस कंपनी के मालिक को छोड़ दिया गया, मगर आठ भारतीयों को कैद में रखा गया और उनकी सजा भी कायम रही। अच्छी बात है कि इन भारतीयों के परिजनों को साथ में रखकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपनी ओर से हरसंभव प्रयास किए। मामला अपील अदालत में पहुंचा, जिसके नतीजे सामने हैं कि सजा कम की जा रही है। सजा के कम होने के बाद भी भारतीय विदेश मंत्रालय को पूरी सक्रियता के साथ कोशिश करनी चाहिए कि आगे सुनवाई निष्पक्ष और न्यायपूर्ण ढंग से हो। गौर करने की बात है कि इस बार अपील अदालत में भारत के राजदूत, अधिकारी और जेल में बंद पूर्व नौसेनाकर्मियों के परिजन भी मौजूद थे। पूर्व नौसेनाकर्मियों के परिजनों की पीड़ा को समझा जा सकता है, पर उन्हें आगे भी न्याय के लिए सक्रिय रहना होगा। अभी केवल सजा कम हुई है, आरोपों से बरी होने की कोशिश जरूर होनी चाहिए। भारतीय विदेश मंत्रालय इस मामले में हर तरह से जुटा हुआ है और अच्छे से अच्छे वकीलों का सहारा लेकर यह मुकदमा लड़ना चाहिए। यह भारत के लिए सम्मान और सबक का मामला है। अगर इस मामले में पहले ही सक्रियता बरती गई होती, तो मौत की सजा की नौबत ही नहीं आती। मामला तो करीब एक साल से चल रहा था और पूर्व नौसेनाकर्मी हिरासत में ही थे। भारत के एक-एक नागरिक का महत्व है और उसमें भी सेना में रह चुके जवानों का मूल्य तो कुछ ज्यादा ही है। इस मामले से हम कई सबक ले सकते हैं। पहली बात, संदिग्ध किस्म की विदेशी कंपनियों के साथ भारतीयों को कतई काम नहीं करना चाहिए। ऐसी कंपनियों के साथ ही काम करना चाहिए, जो भारतीयों के हितों के प्रति सजग हों। कतर की अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज ऐंड कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए क्या अभी भी कोई भारतीय काम कर रहा है? ऐसी कंपनियों को काली सूची में डालकर भारतीयों को सचेत करना जरूरी है। दूसरी बात, भारतीयों को अपनी विश्वसनीयता और सेवा का स्तर बनाए रखना चाहिए। किसी भी गलत काम में लगकर जान जोखिम में डालना उचित नहीं है। सुरक्षित और वैध पेशे को अपनाकर ही देश के सम्मान को अक्षुण्ण रखना चाहिए। तीसरी बात, यह मामला एक संकेत है कि भारत के प्रति द्वेष रखने वाले अफसर या न्यायाधीश दुनिया में कम नहीं हैं, अत: जरूरी नहीं कि भारतीयों को दुनिया में हर कहीं सहजता से न्याय मिल जाए। यह समय का तकाजा है कि हमें न्याय के लिए संघर्ष करना होगा।

> “ सजा के कम होने के बाद भी भारतीय विदेश मंत्रालय को पूरी सक्रियता के साथ कोशिश करनी चाहिए कि आगे सुनवाई निष्पक्ष और न्यायपूर्ण ढंग से हो। गौर करने की बात है कि इस बार अपील अदालत में भारत के राजदूत, अधिकारी और जेल में बंद पूर्व नौसेनाकर्मियों के परिजन भी मौजूद थे।

### मुआवजे तक में मुश्किल

भारत में आज इंसान के हाथों सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई बड़ी समस्या बनी हुई है। असल में यह देश के चेहरे पर एक बदनुमा दाग भी है। यह भारत में मानवीय गरिमा के अनादर और उसके प्रति बेरुखी का प्रमाण है कि देश में आज भी हजारों लोग सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई करने के लिए उनमें उतरने के लिए मजबूर हैं, जबकि साल 2013 में ही इस चलन पर कानूनन प्रतिबंध लगा दिया गया था। जाहिर है, वह पाबंदी सिर्फ कागज पर सिमट कर रह गई है। संसद के हाल में खत्म हुए सत्र में सरकार ने बताया कि इस साल 20 नवंबर तक सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान 49 मौतें दर्ज की गईं। अब ताजा खबर यह है कि सीवर में उतरने के कारण जो मजदूर मर जाते हैं, उन्हें मुआवजा देने में अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई जाती। इसी साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने सीवर की सफाई के दौरान होने वाली मौतों के बारे में एक अहम आदेश जारी किया था।

कोर्ट ने कहा था कि जो लोग सीवर की सफाई के दौरान मारे जाते हैं, उनके परिवार को सरकार को 30 लाख रुपए की सहायता देनी होगी। सीवर की सफाई के दौरान स्थायी विकलांगता के शिकार होने वाले मजदूरों को न्यूनतम 20 लाख रुपए और किसी अन्य विकलांगता से ग्रस्त कर्मियों को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश न्यायालय ने दिया। इसके पहले 2014 में भी सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश दिया था, जिसमें मृतकों को दस लाख रुपए की सहायता देने को कहा गया था। अब सामने आया है कि 1993 से इस साल 31 मार्च तक देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीवर में होने वाली मौतों की 1,081 घटनाओं में से 925 मामलों में ही मुआवजे का भुगतान किया गया है। यह आंकड़ा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने दिया है। इसके मुताबिक 115 मामलों में अभी भी मुआवजा दिया जाना बाकी है। जबकि 41 मामलों को राज्यों सरकारों ने बंद कर दिया है, क्योंकि उनके मुताबिक मृतकों के कानूनी वारिस का पता नहीं लगाया जा सका।

### कांग्रेस से उलट भाजपा की रणनीति

कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी अगले लोकसभा चुनाव में लक्षित लड़ाई की रणनीति बनाई है। लेकिन कांग्रेस से उलट भाजपा का लक्ष्य ऐसे राज्य हैं, जहां वह पारंपरिक रूप से मजबूत नहीं रही है। एक तरफ कांग्रेस ने ऐसे राज्यों को लक्ष्य किया है, जहां वह अकेले या गठबंधन के साथ मजबूत है, जबकि भाजपा ने ऐसे राज्यों पर फोकस किया है, जहां वह पारंपरिक रूप से मजबूत नहीं है लेकिन जातीय, सामाजिक समीकरण ऐसा है, कि वह जीत सकती है। तभी ने सबसे पहले पश्चिम बंगाल को लक्ष्य बनाया है, जहां वह पिछली बार 18 सीटों पर जीती थी। इस बार पार्टी ने राज्य की 42 में से 35 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। पार्टी कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक साथ बंगाल के दौरे पर पहुंचे।

भाजपा को उम्मीद है कि अगर वह अपने वोट आधार में एक से दो फीसदी का भी इजाफा कर लेती है तो 30 से ज्यादा सीटें जीत सकती है। भाजपा के जानकार नेताओं के मुताबिक पार्टी को लग रहा है कि अगर कुछ राज्यों में सीटों का नुकसान होता है तो उसकी भरपाई बंगाल से हो सकती है। इसके अलावा कांग्रेस दक्षिण भारत के चार राज्यों को लक्ष्य बना रही, जहां उसका आधार कमजोर है। यहां तक कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या गृह मंत्री अमित शाह में से कोई दक्षिण भारत में चुनाव लड़ सकता है। कर्नाटक के अलावा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु की 101 लोकसभा सीटों में से भाजपा के पास चार सीटें हैं। इसे दो अंकों में पहुंचाने की रणनीति पर भाजपा राजनीति कर रही है। भाजपा को तमिलनाडु की कन्याकुमारी सीट पर चार लाख से ज्यादा वोट मिले थे और तिरुवनंतपुरम सीट पर तीन लाख से ज्यादा वोट मिले थे।

> “ साल 2023 भारत के लिए पदकों का साल रहा है। एशियाड में भारत का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा है, कुल 107 पदकों के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी उस ताकत का एक छोटा परिचय दे दिया है, जिसका काफी समय से इंतजार था। एशियन पैरा गेम्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने 111 पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इन विशेष खिलाड़ियों ने देश में पूरे खेल परिदृश्य को बदलकर रख दिया है।

## स्वर्ण, रजत जीतने का बढ़ता हुनर

बोरिया मजूमदार, वरिष्ठ खेल पत्रकार



साल 2023 भारतीय खेलों के लिहाज से एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों का संकल्प दिखा, जबकि साल 2024 संभावनाओं से भरपूर वर्ष नजर आ रहा है। क्रिकेट में भारतीय टीम ने विश्व कप फाइनल में जगह बनाने के लिए निस्संदेह शानदार खेल दिखाया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक खराब दिन ने विश्व खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस हार से उबरने में देश को कुछ समय लगा। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी मात मिली, मगर 2024 के लिए काफी संभावनाएं जगी हैं। कई युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की बदौलत टीम में आ रहे हैं और यह देखते हुए कि ट्वंटी-20 विश्व कप छह महीने दूर है, 2024 वह साल हो सकता है, जिसमें टीम इंडिया आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म कर सकती है।

महिला क्रिकेट की बात करें, तो डब्ल्यूपीएल ने कई धारणाओं को तोड़ने का काम किया। पैसे और कॉरपोरेट का समर्थन मिलने के कारण इस खेल को नईऊर्जा मिली है। अब हमें टीम को और अधिक सुसंगत बनाना होगा। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में मिली जीत और ऑस्ट्रेलिया पर मिली ऐतिहासिक जीत महिला क्रिकेट के लिए एक नई आगाज है। जरूरत 1983 या 2011 जैसा माहौल बनाने की है और अगर ऐसा कुछ होता है, तो यकीनन 2024 में पीछे मुड़कर देखने की आवश्यकता नहीं होगी।

बेशक, विराट कोहली विश्व कप में हार से दुखी हैं, पर उन्हें वह रास्ता पता है, जो उनमें और टीम इंडिया में फर्क लाएगा। अपनी फिटनेस को एक अलग स्तर पर ले जाने के बाद उनकी वापसी भारत के लिए किसी कामयाबी से कम नहीं है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाना उनका नया लक्ष्य है। निस्संदेह, भारत के पास नए साल में पुरुष क्रिकेट पर दबदबा बनाने वाली टीम है। आज भारतीय क्रिकेट योग्यतम खिलाड़ियों से समृद्ध है और शायद ही कभी हमारे पास इतने अच्छे विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

साल 2023 भारत के लिए पदकों का साल रहा है। एशियाड में भारत का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा है, कुल 107 पदकों के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी उस ताकत का एक छोटा परिचय दे दिया है, जिसका काफी समय से इंतजार था। एशियन पैरा गेम्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने 111 पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इन विशेष खिलाड़ियों ने देश में पूरे खेल परिदृश्य को बदलकर रख दिया है।

भारत में तमाम खेलों में छोटे शहरों से खिलाड़ी आ रहे हैं, पर उन्हें बेहतर माहौल देने की जरूरत है। कुश्ती संघ को लेकर साल भर जैसी शिकायतों का माहौल रहा है, वह जरूर दुर्भाग्यपूर्ण है। मगर बैडमिंटन में देखें, तो सात्विक-चिराग और एचएस प्रणय के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। ये पेरिस, 2024 के लिए तैयार दिख रहे हैं और अगर भारत बैडमिंटन में ओलंपिक पदक जीतता है, तो यह आश्चर्य की बात नहीं होगी। उधर, कुश्ती और मुक्केबाजी की कहानी भी शायद ही अलग है। अंतिम पंघाल बड़ी चैंपियनशिप में मजबूत दिखी हैं। रेफरी ने बेशक उनको विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह नहीं दी, लेकिन उनसे बहुत उम्मीदें हैं। लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई खेलों में ऐतिहासिक रजत जीता, जबकि वह स्वर्ण जीतकर इसे और बड़ा कर सकती थीं। हालांकि, निकहत जरीन को एशियाड सेमीफाइनल में मिली हार उनके लिए ओलंपिक से पहले एक चेतावनी है।

हमें बड़ी सफलता शूटिंग में मिली है। टोक्यो 2020 की निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारतीय निशानेबाजों ने 2023 में विश्व मंच पर अपना दबदबा बनाया। मिश्रित स्पर्द्धाओं की शुरुआत के साथ, भारत ने पिस्टल और राइफल, दोनों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। जिस भी प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ियों ने भाग लिया, पोडियम पर उन्होंने अपनी जगह बनाई। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि मौजूदा फॉर्म के आधार पर भारत पेरिस में निशानेबाजी में तीन-चार पदक जरूर जीत सकता है। हम पेरिस में 28 स्पर्द्धाओं में भाग ले सकते हैं, जो भारत के ओलंपिक-इतिहास में पहली बार होगा।

समर्पण के मामले में विराट कोहली व पुलेला गोपीचंद समान धरातल पर नजर आते हैं। बतौर राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच अपनी अकादमी में जाने के लिए हर सुबह 4.30 बजे उठने वाले गोपीचंद को बखूबी पता है कि पिछले कुछ महीनों से उनके छात्रों के लिए परिस्थितियां प्रतिकूल रही हैं। आने वाले दिनों में भारतीय बैडमिंटन की तस्वीर सुखद दिख रही है, क्योंकि कई युवा अब दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। इसके अलावा, साल 2023 के एक खास खिलाड़ी हैं- चिरयुवा सुनील छेत्री। भारत ने कुवैत के खिलाफ जीत के साथ विश्व कप क्वालिफायर की अच्छी शुरुआत की थी। 2024 की ओर बढ़ रहे देश के प्रत्येक फुटबॉलर के लिए छेत्री निस्संदेह आशा की किरण बने रहेंगे।

वर्ष 2023 का एक अन्य पहलू है, खेलों में एकदम नए खिलाड़ियों का मोर्चा संभालना। निशानेबाजी में जहां ईशा सिंह, सिफ्ट सामरा, मेहुली घोष, तिलोत्तमा सेन जैसी खिलाड़ी सुर्खियों में रहीं, तो वहीं महिला क्रिकेट में श्रेयंका पाटिल, दिप्ती शर्मा और कुश्ती में अंतिम पंघाल की खूब चर्चा हुई। ये सभी अच्छे प्रदर्शन से भारतीय खेलों में नई ऊर्जा भरने में सक्षम हैं। शतरंज में भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद की बड़ी बहन आर वैशाली भी साल 2023 में ग्रैंडमास्टर बन गई हैं। यह दर्जा पाने वाले ये पहले भाई-बहन हैं।

रही बात ओलंपिक खेलों की, तो साल 2024 के पेरिस में ओलंपिक इतिहास में पहली बार भारत पदकों के मामले में दहाई अंक छू सकता है। अगले साल भारतीय खेल को जिस क्षेत्र में और बेहतर करने की जरूरत है, वह है निरंतरता। लगातार बेहतर खेलना होगा। जब हमने कुवैत को हराया था, तब फुटबॉल में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा था, पर इस लय को हम एशियाई खेलों में बनाए रखने में नाकाम रहे। हॉकी की कहानी भी ऐसी ही है। पुरुषों ने बेशक पेरिस के लिए क्वालिफाई कर लिया है, लेकिन अंतिम कुछ मिनटों में गोल खाने से हमारा प्रदर्शन प्रभावित होता रहा है।

यह सही है कि हर वक्त नतीजे अपने हक में नहीं होते, पर खिलाड़ियों को मनोबल ऊंचा रखना चाहिए। पेरिस 2024 में हमारी सबसे बड़ी उम्मीद नीरज चोपड़ा ने मुझसे जो कहा, वह उल्लेखनीय है। उनके शब्द हैं- भारत के लिए खेलना एक सपना है और जब सपना सच हो जाए, तो सर्वश्रेष्ठ प्रयास ही करना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## भारतीय पासपोर्ट पर योग्यता और वैधता की ही रहे मुहर

नन्दितेश निलय, नैतिक मूल्य प्रशिक्षक



भारतीयों का फ्रांस में पकड़ा जाना या विभिन्न देशों में येन-केन-प्रकारेण प्रवेश करना इन दिनों सुर्खियों में है। अगर कोई नागरिक अपने मुल्क से किसी दूसरे देश में अवैध ढंग से प्रवेश करता है, तो एक खतरनाक ट्रेंड भी बनाता है। इससे सामाजिक अनैतिकता को भी बढ़ावा मिलता है और इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए।

एक वह दौर था, जब भारत से लोगों को मजदूरी के लिए जबरन विदेश ले जाया जाता था, लेकिन इधर ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी हुई दिखती है, जो खुशी-खुशी विदेश जाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। वैध ढंग से विदेश जा रहे लोगों की कोई चिंता नहीं, पर जिस गति से अवैध रूप से विदेश जाने की चेष्टा बढ़ी है, वह देश के सम्मान व सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

अभी हाल ही में फ्रांस में जब 303 भारतीयों को रोका गया, तब पूरी दुनिया की नजर उस पर पड़ी। फ्रांस ने 276 लोगों को वापस भेज दिया, पर 25 लोग वहीं फ्रांस में रुक गए, वे अब भारत के नागरिक नहीं रहना चाहते। कौन सी कंपनी या कौन से एजेंट हैं, जिन्होंने इतने सारे लोगों को अवैध ढंग से विदेश पहुंचा देने का आपराधिक काम अपने हाथ में लिया था दरअसल, अनेक गैर-पंजीकृत एजेंट महत्वाकांक्षी व लोभी युवाओं को सब्जबाग दिखाने में लगे हैं। क्या ऐसे एजेंटों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है? कड़ी जांच होनी चाहिए, यह अवैध धंधा हिंदी पट्टी के किन राज्यों में ज्यादा पनप रहा है?

वैसे तो करोड़ों की तादाद में ऐसे भारतीय हैं, जो वैध तरीके से विदेश गए हैं। बड़ी संख्या में भारतीय युवा अपनी प्रतिभा और योग्यता के बल पर जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में जाकर बसे हैं। वैध रूप से विदेश जाकर नाम कमाने वालों में सुंदर पिचई का नाम सबसे ऊपर है। पिचई के पास अमेरिकी नागरिकता है, लेकिन उन्हें भारतीयता पर गर्व है। तमाम भारतीयों को पिचई का नाम सुनकर ही गर्व होता है। कोई दोराय नहीं कि भारतीयों ने योग्यता और उदारता से दुनिया में अपनी जगह बनाई है।

संसद के शीतकालीन सत्र में विदेश राज्य मंत्री ने एक चौंका देने वाला आंकड़ा देश के सामने रखा कि अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी के अनुसार, अमेरिका में भारतीयों का अवैध प्रवेश बढ़ता जा रहा है। वहां अवैध भारतीयों की संख्या 2,00,760 है और साल भर में ही अवैध प्रवेश के 96,917 मामले सामने आए हैं। यह न अमेरिका के लिए अच्छा है और न ही भारत के लिए। आखिर इतनी सुरक्षा के बावजूद ऐसी अवैध घुसपैठ कैसे हो जाती है और फिर वहां लोग रहने भी कैसे लगते हैं? इसलिए दोनों मुल्कों को अपने संसाधनों और सुरक्षा की कमियों को दूर करना चाहिए।

वह छवि, जो ऋषि सुनक या सुंदर पिचई जैसे समर्पित-पेशेवर लोगों ने बनाई, उसकी रक्षा सरकार ही नहीं, लोगों को भी करनी चाहिए। आज बड़ी संख्या में ऐसे भारतीय प्रवासी हैं, जो उन देशों की आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं और राजनीतिक रूप से मजबूत हैं, तो क्यों न योग्यता को ही विदेश जाने का माध्यम बनाया जाए? वैध और अवैध में फर्क सिर्फ एक ‘अ’ का होता है, पर यह एक बड़ा अंतर पैदा कर देता है। बीतते वर्ष में ही अनेक घटनाएं हैं कि अमेरिका में घुसने की कोशिश में लोग नदी में डूबे हैं, ठंड के कारण भी मारे गए हैं। हम ऐसी त्रासद घटनाओं को कैसे भुला देते हैं? डंकी बनकर डंकी उड़ान ली जाती है, मगर ऐसे अवैध पंखों के सहारे किसी देश में घुसते समय बहुत कुछ टूट-छूट जाता है। मनुष्य की वह शक्ति, जो उसको सकारात्मक और बेहतर नागरिक बनने-बनाने के लिए प्रेरित करती है, वह धुंधली हो जाती है।

यह योग्यता, कुशलता, वैधता और नैतिकता का ही रास्ता है, जो किसी मोहनदास को महात्मा और किसी नरेंद्र को विवेकानंद बना देता है। हौसलों की सभ्य और वैध उड़ान सभी डंकी उड़ानों पर भारी पड़ती है। युवाओं को विशेष रूप से सजग होना चाहिए। जीवन में कुछ भी बनना है, तो पहले नैतिकता के धनी बनें और सिर्फ वैध रास्ता ही चुनें। यकीन मानिए कि योग्यता का संबंध समंदर पार जाने से नहीं होता है, बल्कि उस शिक्षा और कुशलता से होता है, जो बड़ा सुंदर पिचई न सही, छोटा सुंदर पिचई बनने की प्रेरणा देती है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## हिंसा व संघर्ष से उपजी अशांति का साल

पुष्परंजन

इस साल 28 जनवरी से 4 फरवरी, 2023 तक अमेरिका और कनाडा के आसमान में चीनी गुब्बारे उड़ने की ख़बर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई। इन हाई-एल्टीट्यूड गुब्बारों को चीन के जासूसी गुब्बारे बताया गया। कुछ गुब्बारे अमेरिका ने मार गिराये। इसी तरह से चीनी गुब्बारे 40 अन्य देशों के आसमान में देखे गए थे। इस घटना के बाद अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने अपनी पेइचिंग यात्रा स्थगित कर दी थी।

15 जनवरी, 2023 को नेपाल के पोखरा में येति एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 5 भारतीयों समेत 72 यात्रियों की मौत हो गई थी। इस हादसे की प्राइमरी रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि फ्लाइंग पायलट ने लैंडिंग के लिए कॉकपिट में लगे फ्लैप लीवर की जगह गलती से इंजन की पावर सप्लाई बंद कर दी थी।

जनवरी, 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी ‘हिंडनबर्ग रिसर्च’ ने अदानी ग्रुप पर शेयरों में मैनिपुलेशन का आरोप लगाया था। गौतम अदानी दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स थे, लेकिन हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आते ही उनकी संपत्ति 120 अरब डॉलर से घटकर 39.9 अरब डॉलर रह गई थी। यानी, रातो-रात अडानी की संपत्ति घट कर एक-तिहाई हो गई थी

6 फरवरी, 2023 को तुर्किये और सीरिया में 7.8 और 7.5 तीव्रता के दो विनाशकारी भूकंपों से तबाही मच गई। इन विनाशकारी भूकंपों की वजह से तुर्किये में 50 हजार से ज्यादा और सीरिया में 8 हजार से ज्यादा यानी, कुल 59 हजार से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई थी।



10 मार्च, 2023 को खबर आई कि शी जिनपिंग को चीनी संसद ने तीसरी बार राष्ट्रपति बनाने के लिए सर्वसम्मति से मतदान किया। अप्रैल, 2023 में भारत, चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना। उसी महीने फिनलैंड नाटो का 31वां सदस्य बन गया, जिससे गठबंधन की संख्या दोगुनी हो गई। अप्रैल के मध्य में सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच हिंसा भड़क उठी थी। इस हिंसा के कारण सूडान से बड़े पैमाने पर विस्थापन शुरू हुआ, जिसका बुरा असर पड़ोसी देशों पर पड़ना ही था।

मई, 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषणा की कि कोविड-19 अब महामारी नहीं रहा। शनिवार 6 मई, 2023 को लंदन के वेस्टमिंस्टर आब्बे में चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला का राज्याभिषेक हुआ।

जून, 2023 की बड़ी ख़बर टाइटैनिक का मलबा देखने गई पनडुब्बी भारी दबाव के कारण विस्फोट का शिकार हो गई। पता चला कि इस पनडुब्बी में सवार एक पाकिस्तानी अरबपति समेत सभी पांच लोगों की मौत हो चुकी है। जून, 2023 में अमेरिकी और ब्रिटिश वैज्ञानिकों की एक टीम ने शुक्राणु या अंडे के बग़ैर दुनिया का पहला मानव सिंथेटिक भ्रूण बनाने में सफलता पाई। भारत के भगोड़े और खालिस्तानी मुहिम चलाने वाले हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून, 2023 को कनाडा में हत्या कर दी गई। उसकी हत्या उसी गुरुद्वारे के बाहर की गई, जिसका वह अध्यक्ष था। इस मामले ने असली तूल तब पकड़ा, जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 सितंबर को इस हत्याकांड में भारत के शामिल होने की बात कही। यही नहीं, भारतीय राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया गया। इस आरोप का भारत ने कड़ा जवाब दिया और दोनों देशों के बीच संबंध लगातार बिगड़ते चले गए।

23 जून, 2023 को रूस से ख़बर आई कि पुतिन विरोधी प्राइवेट आर्मी ‘वैगनर ग्रुप’ के लड़ाकों ने रोस्तोव-ऑन-डॉन पर कब्जा कर लिया और मास्को की ओर कूच कर गये हैं। मशहूर उद्योगपति एलन मस्क ने साल 2022 में माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर का अधिग्रहण कर लिया था। 23 जुलाई, 2023 को एलन मस्क ने एक फैसले से सभी को चौंका दिया था। ब्लू टिक यानी वैरिफाइड अकाउंट के लिए फीस लगाने के साथ ही एलन मस्क ने ट्विटर का मशहूर नीली चिड़िया वाला लोगो बदलकर कर एक्स कर दिया। जुलाई, 2023 में भारतीय कंपनियों ने रूसी तेल कंपनियों को रूबेल के बदले चीनी मुद्रा युआन में भुगतान करना आरंभ किया। जुलाई में ही नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को एक तख्तापलट के जरिये पद से हटा दिया गया था। अगस्त, 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत, विश्व का पहला देश बना। उसी महीने अमेरिका के हवाई स्थित माउई द्वीप पर भीषण आग में 100 से अधिक लोग मारे गये। इस भयावह आग ने 17 हज़ार एकड़ हरियाली को राख में बदल दिया था।

24 अगस्त, 2023 को ख़बर आई कि वैगनर समूह के नेता येवगेनी प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में मौत हो गई है। येवगेनी प्रिगोझिन रूसी सैन्य कमांडर थे, जिन्होंने पुतिन को सत्ता से हटाने के वास्ते वैगनर ग्रुप बनाया था। अगस्त, 2023 में पाकिस्तानी अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान को तीन साल जेल की सजा सुनाई। उसी महीने अमेरिका से खबर आई कि जॉर्जिया चुनाव में गड़बड़ी के आरोप में डोनाल्ड ट्रंप को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में ट्रंप रिहा कर दिये गये।

8 सितंबर को अफ्रीकी देश मोरक्को में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 2900 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इसी दिन भारत में जी-20 बैठक की तैयारी चल रही थी और विदेशी मेहमानों के आने का दौर जारी था। एशियाई खेल 23 सितंबर को शुरू हुए, जहां भारत ने 100 से अधिक मेडल हासिल किये। उसी महीने 92 साल के मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक ने रिटायरमेंट लेने की घोषणा की। हमास और इस्राइल के बीच एक बार फिर साल 2023 में युद्ध भड़क गया। 7 अक्टूबर को सुबह-सुबह हमास ने इस्राइल पर बड़े स्केल पर हमला किया। पूरी दुनिया हिल-सी गई। मल्टी मिसाइल हमलों ने इस्राइल के मशहूर एंटी मिसाइल सिस्टम आयरन डोम को भी गच्चा दे दिया। इस हमले में कोई 1200 इस्राइली नागरिक मारे गये। ढाई सौ से अधिक लोगों को हमास ने बंधक बना लिया। जवाबी हमले में इस्राइल ने 21 हज़ार से अधिक फिलिस्तीनियों को गाज़ा वाले इलाके में मार डाला। इस बीच लगभग 100 बंधकों की रिहाई हुई है, लेकिन लड़ाई थम-थम के हो रही है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur, Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634



श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### एकमुश्त दो वर्ष का बकाया बोनस मिलने पर किसानों को होठों पर खिली मुस्कान

**कोरबा।** राज्य शासन द्वारा किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के धान खरीदी का बकाया बोनस राशि एकमुश्त प्रदान कर किसानों को खुशियों की सौगात दी है। एक साथ दो वर्ष की बकाया बोनस राशि प्राप्त होने से कृषक वर्ग में उत्साह की लहर व्याप्त है। उनके चेहरे पर प्रसन्नता व होठों पर मुस्कान छाई है। प्रदेश के अन्य जिलों की भांति कोरबा जिले के किसानों के जीवन में भी बोनस राशि मिलने से खुशहाली आई है। जिले के किसानों ने प्रदेश में नए सरकार के गठन होने के साथ ही लंबित बोनस मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। इन्हीं लाभान्वित कृषकों में ग्राम जवाली की महिला कृषक श्रीमती उमादेवी को दो वर्षों का धान के बकाया बोनस के तौर पर 91 हजार 080 रुपए मिले हैं। डीबीटी के रूप में जैसे ही यह राशि उनके खाते में अंतरित हुई उनका हृदय खुशी एवं संतुष्टि के भाव से भर उठा। उन्होंने बताया कि पिछले कई सालों से उन्हें इस लंबित बोनस के मिलने का इंतिजार था।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वनवासी कल्याण आश्रम में भव्य स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर नगर पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर उन्होंने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव का पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने वनवासी कल्याण आश्रम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कल्याण आश्रम के द्वारा वनवासियों के हितों के संरक्षण और उनकी बेहतरी के लिए यहां चलायी जा रही गतिविधियां प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि आश्रम की गतिविधियों से मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। आश्रम वनवासियों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, स्वावलंबन की अलख जगाने के लिए निरंतर प्रयासरत् है और अंचल के जनजातीय समुदाय को इसका लाभ मिल रहा हैं।

# मुख्यमंत्री साय का ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा और ढोल नगाड़ों के साथ किया भव्य स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद ग्रामीणों से मिलने पहली बार अपने गृह जिले जशपुर के विभिन्न गांवों में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। अपनी माटी के लाल की एक झलक पाने के लिए शाम से ही लोग पलक-पावड़े बिछाकर उनका इंतजार कर रहे थे। ग्रामीणों का उत्साह देखकर सहज ही यह अनुभूति हो रही थी कि उनका कोई अपना प्रदेश का मुखिया बना है। लोग अपने विशिष्ट अंदाज में मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए उत्साहित थे।



पुष्प वर्षा, फूलों के हार और विजय तिलक लगाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। खुली जीप से उतर कर मुख्यमंत्री बड़ी आत्मीयता के साथ लोगों से मुलाकात करते रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय भी मौजूद थीं।

मुख्यमंत्री के जशपुर जिले के दुलदुला ब्लॉक के चिरईटांड पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के बीच ग्रामीणों ने जोशीले नारों और भरपूर ऊर्जा के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने पूरी विनम्रता के साथ ग्रामीणों का अभिवादन स्वीकार किया। ग्राम सलिहाटोली पहुंचने पर महिलाओं ने तिलक लगाकर और आरती उतारकर अपने लाडले मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कुनकुरी के रोड शो में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय लोगों का उत्साह देखकर उनसे मिलने गाड़ी से उतरे, लोगों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उनकी झलक पाने के लिए महिलाएं और बच्चे घरों से निकलकर बाहर सड़कों पर आ गए। लगातार आतिशबाजी से कुनकुरी में दिवाली जैसा माहौल दिखा। बड़े बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। लोगों का स्नेह और सम्मान देखकर मुख्यमंत्री भाव विभोर हो उठे। रोड शो के दौरान लोग हाथों में अपने परिवार के नाम की तख्तियां लिये खड़े थे।

इस मौके पर कुनकुरी के शासकीय बालक मिडिल स्कूल मैदान में अग्रवाल समाज द्वारा मुख्यमंत्री श्री साय को लड्डुओं से तौला गया। लोगों ने जोरदार आतिशबाजी कर अपनी भावनाएं जाहिर की। कुनकुरी नगर पंचायत के डुगडुगिया चौक में महिलाओं ने पुष्प वर्षा के बीच पुष्पहार, आरती कर विजय तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री को देखने बच्चे, बड़ों और बुजुर्गों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्यमंत्री से मिलने लोगो में खुशी और हर्षोल्लास का माहौल दिखा।

डुगडुगिया में चौक सौंदर्यीकरण कार्य का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। चौक में फाउन्टेन लगाया गया है। क्षेत्र के लाडले मुख्यमंत्री के अपने क्षेत्र आने के खुशी में यहां ग्रामवासियों द्वारा मेवा, मिष्ठान व लड्डुओं से तुलादान किया गया।गौरतलब है कि काफी लंबे समय से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अंचल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हर सुख-दुख में वे ग्रामीणों के सहभागी रहे। उनके सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे अंचलवासियों के बीच लोकप्रिय हैं। अपने मृदुभाषी और आत्मीय व्यवहार के कारण वे सहज ही लोगों के दिलों में बसे हैं। लोगों को उनके साथ संवाद स्थापित करने में अपनेपन की अनुभूति होती है और उनके समक्ष लोग अपनी बात रख पाते हैं।

# नियमों का पालन करते हुए मनायें नववर्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा ।** पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला द्वारा नव वर्ष को सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाने को लेकर दिए गए निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन में सभी थाना-चैकी प्रभारियों एवं यातायात पुलिस को नव वर्ष को देखते हुए जिले के भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने निर्देश दिया गया है। नए वर्ष पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस तैनात रहेगी और लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। किसी प्रकार की घटना को तुरंत ही थाना-चैकी प्रभारियों को बताएं एवं अफवाहों पर ध्यान ना दें।

- नागरिक त्यौहार के दिन असामाजिक तत्वों पर नजर रखें।
- शराब पीकर वाहन नहीं चलाए।
- दोपहिया वाहन में तीन सवारी नहीं बैठे एवं हेलमेट पहन के गाड़ी चलाए।
- तेज गति से वाहन नहीं चलाए।
- फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें।
- फोर व्हीलर टू व्हीलर चलाते समय गाड़ियों के कागजात अपने पास रखें।
- ध्वनि यंत्र का उपयोग निर्धारित डेसिबल से ज्यादा आवाज में न करें।
- उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार ध्वनि यंत्र के उपयोग की समय सीमा का पालन करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति-व्यवस्था बहाल करना हमारा मुख्य उद्देश्य है और इसमें आप सभी का सहयोग भी अपेक्षित है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी 110.99 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

### पत्थलगांव, जशपुर और कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के 182 विभिन्न कल्याणकारी कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले को 110.99 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने पत्थलगांव, जशपुर और कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के कुल 182 लोक कल्याणकारी कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 32.64 करोड़ रूपए की लागत के 53 कार्यों का लोकार्पण एवं 78.34 करोड़ रूपए की लागत के 129 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जशपुर विधानसभा में 56.98 करोड़ रूपए की लागत के 45 कार्य, कुनकुरी विधान सभा में 40.50 करोड़ रूपए की लागत के कुल 102 कार्य एवं पत्थलगांव विधानसभा में 13.50 करोड़ रूपए की लागत के कुल 35 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



मुख्यमंत्री जशपुर विधानसभा में जिन प्रमुख कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें 15 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से जशपुर के खुड़िया रानी कैलाश गुफा पर 12 किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण, 6.74 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला गौरवपथ, 3.52 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले मिनी इंडोर स्टेडियम, मनोरा और सन्ना में पृथक-पृथक बनने वाला शासकीय नवीन महाविद्यालय का भवन शामिल है। प्रत्येक महाविद्यालय भवन का निर्माण 4.65 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र में 23 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत से जल जीवन मिशन के तहत 66 एकल जल प्रदाय योजना और पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में 5 करोड़ 28 लाख रूपए की लागत से जल जीवन मिशन के तहत एकल जल प्रदाय योजना के 12 कार्यों का भूमिपूजन किया।

इसी तरह मुख्यमंत्री श्री साय जिन प्रमुख कार्यों का लोकार्पण किया, उनमें नगर पालिका जशपुर में 7.38 करोड़ रूपए की लागत से सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंप की स्थापना, जशपुर में 1.40 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सद्भाव मंडप, 52.80 लाख रूपए की लागत से जिला चिकित्सालय जशपुर में स्थापित हमर लैब, कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र में 4.94 करोड़ रूपए की लागत से सौर सुजला योजना के तहत स्थापित सोलर पंप, कुनकुरी में 2.83 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित इंडोर स्टेडियम, पत्थलगांव में 4.73 करोड़ रूपए की लागत से सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंप स्थापना के कार्य शामिल हैं।

### धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक और पर्यावरण संरक्षण में भी आश्रम निभा रहा है महत्वपूर्ण भूमिका

# सोगड़ा में रखी गई थी चाय उत्पादक राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ के पहचान की नींव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जशपुर के चाय उत्पादक जिला के रूप में पहचान दिलाने की शुरूआत वर्ष 2010 में जिले के मनोरा ब्लाक में स्थित अघोरेश्वर भगवान राम की तपोभूमि सोगडा से हुई थी। यहां चाय के पौधों का रोपण, अघोरेश्वर गुरूपद संभवराम जी के मार्गदर्शन में किया गया था। उनके मार्गदर्शन में चाय पत्ती की खुशबू जशपुर और भारत की सीमा से निकल कर चीन और जापान जैसे देशों तक पहुंचने लगी है।



सोगड़ा में मई 2010 में चाय बगान लगाए जाने के बाद लगातार चाय पत्ती की तुड़ाई की जा रही है। इन पत्तियों से 22 प्रतिशत तक ग्रीन चाय प्राप्त हो रहा है। उत्पादित चाय के परीक्षण के लिए चीन व जापान के अंतराष्ट्रीय चाय विशेषज्ञों व राष्ट्रीय चाय विकास बोर्ड के पास भेजा गया था। विशेषज्ञों ने सोगड़ा की ग्रीन टी को असम व दार्जिलिंग से बेहतर होने की पुष्टि कर दी है। जापान व चीन, जहां विश्व में सबसे अधिक ग्रीन टी की खपत होती है,जशपुर की जलवायु चाय के उत्पादन के बेहद अनुकूल है।

वर्तमान में सौगड़ा में असम में पाए जाने वाली चाय की प्रजाति टीवी 25, 26, 27, दार्जिलिंग की सीपी-1, पीके 78, टीवी और एवी का रोपण किया गया है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में रोपे गए इन पौधे की ग्रोथ 4 महीने में ही दो से ढाई फीट की ग्रोथ देखी जा रही है, जबकि असम व दार्जिलिंग में इन पौधों को इतना विकसित होने में ढाई साल लग जाते हैं। यहां उत्पादित चाय पत्ती की प्रोसेसिंग के लिए लगभग 40 लाख की लागत से टी प्रोसेसिंग यूनिट भी स्थापित की गई है।

जिले में चाय उत्पादन की प्रेरणा गुरूपद संभव बाबा को हजारीबाग में मिली थी। गुरूपद संभव राम यहां अपने एक भक्त के घर आए हुए थे। भक्त के घर में चाय के लहलहाते पौधे को देख कर जशपुर में चाय उत्पादन की प्रेरणा उन्हें मिली थी। गुरूपद संभव राम, अपने साथ चाय के पौधे लेकर सोगड़ा आए और इन्हें विशेषज्ञों की देखरेख में रोपा गया था। प्रयोग सफल होने पर,शुरूआत में आश्रम के प्रांगड़ के 7 एकड़ में चाय बगान विकसित किया गया है।

अब इसका रकबा 20 एकड़ से अधिक हो चुका है। वहीं, गुरूपद संभवराम जी की प्रेरणा ग्रहण करते हुए, छत्तीसगढ़ शासन जिले के जशपुर, मनोरा और बगीचा तहसील में 85 एकड़ से अधिक रकबा में चाय बगान विकसीत कर चुकी है। शासन ने चाय पत्ति की प्रोसेसिंग के लिए बालाछापर में प्रोसेसिंग यूनिट का संचालन भी कर रही है।

सोगड़ा आश्रम,धार्मिक आस्था का केन्द्र होने के साथ,समाज सेवा की गतिविधियों का संचालन किया जाता है। यहां प्रतिवर्ष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ चिकित्सक आ कर अपनी सेवाएं जरूरतमंद मरीजों को देते हैं। इन शिविरों में चिकित्सकीय परामर्श के साथ मरीजों को नि:शुल्क दवाई का वितरण भी किया जाता है। सोगड़ा आश्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम से भी जुड़ा हुआ है।

# जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में होगी प्रधानमंत्री मोदी की परीक्षा पे चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने हेतु सत्र 2023-24 हेतु लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का सप्तम चरण जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।




यह कार्यक्रम कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अविभावकों को ऑनलाइन नामांकन के बाद प्रधानमंत्री से संवाद का अवसर प्रदान करता है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में समस्त नामांकित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाएगा। विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है। नामांकन की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024 है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने प्रतिवर्ष लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का आयोजन कर सीधे संवाद स्थापित किया जाता है। यह समय है जब परीक्षाओं को हम सब एक उत्सव के रूप में मनाएं। विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उनके परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने में सहयोग करें और उन्हें अपना सर्वोत्तम प्रदान करने प्रेरित करें। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक इस कार्यक्रम में 05 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर देकर अपना नामांकन करा सकते हैं। इसके लिए वेबसाईट लिंक के माध्यम से नामांकन कर सकते हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वारियर व सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे। नामांकन के साथ-साथ विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक प्रधानमंत्री से अपने पूछे जाने वाले प्रश्न भी प्रेषित कर सकते हैं। चयनित प्रश्नों का उत्तर प्रधानमंत्री द्वारा ' परीक्षा पे चर्चा ' पर आयोजित जीवंत कार्यक्रम में दिया जाएगा।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार




होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### पश्चिमी विक्षोभ ने बदली हवा की दिशा छत्तीसगढ़ में ठंड से राहत

**रायपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है और पूर्व से आने वाली हवाओं में नमी की मात्रा ज्यादा है। इसके चलते आने वाले दिनों में भी न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद है। आने वाले पांच से छह जनवरी तक मौसम का मिजाज ऐसे ही रह सकता है। शनिवार 30 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू होगी और पांच जनवरी तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है। उसके बाद सात जनवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट आने और ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

गुरुवार को रायपुर सहित प्रदेश का मौसम शुष्क रहा। हवा में आ रही नमी के चलते सुबह के साथ ही रात में भी ठंडकता थोड़ी बढ़ी है। इन दिनों गर्म कपड़ों के स्टालों में ग्राहकों की भीड़ के साथ ही लोगों को अलाव तापते भी देखा जा सकता है। गुरुवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। प्रदेश में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा,यहां का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है और हवा में नमी की मात्रा ज्यादा आ रही है। हवा की दिशा अभी पूर्वी ही रहने की संभावना है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

#### *एक जनवरी को सरगुजा में बारिश के आसार, अन्य जगहों पर छाए रहेंगे बादल*

मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि नए साल के पहले ही दिन यानि एक जनवरी को सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में बारिश के आसार है। इसके साथ ही रायपुर, बस्तर, दुर्ग व बिलासपुर संभाग में बादल छाए रहने की उम्मीद है। विभाग का कहना है कि इसकी वजह से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

### मोतीबाग चौक में बन रहा नया रीडिंग जोन, मिलेगी ये सभी सुविधाएं

**रायपुर।** निगम आयुक्त ने मोतीबाग चौक के पास निर्माणाधीन तीन मंजिला रीडिंग जोन का निरीक्षण किया। स्थानीय युवाओं को अध्ययन के लिए शांत व सर्वसुविधायुक्त अध्ययन कक्ष की सुविधा प्रदान करने तैयार किए जा रहे इस वाचनालय का निर्माण अब अंतिम चरण में है। मयंक चतुर्वेदी ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से कहा है कि शेष निर्माण कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करें, जिससे नववर्ष में स्थानीय युवाओं को नालंदा परिसर के बाद एक और उत्कृष्ट अध्ययन केन्द्र की सुविधा प्राप्त हो सकें। प्रबंध संचालक ने इस अध्ययन केन्द्र में की जा रही व्यवस्थाओं का आज विस्तार से जायजा लिया। इस दौरान मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल के साथ महाप्रबंधक (तकनीकी) पी.के. पंचायती, असिस्टेंट मैनेजर योगेन्द्र साहू सहित निर्माण एजेंसी की टीम उपस्थित रहीं। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी टीम से कहा है कि अतिशेष कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरे कर लिए जाएं, जिससे कि युवाओं को अध्ययन के लिए नववर्ष में एक और उत्कृष्ट व सुविधायुक्त वाचनालय की सुविधा उपलब्ध हो सकें।

रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा नालंदा परिसर जैसे विश्वस्तरीय अध्ययन केन्द्र के निर्माण के पश्चात अब युवा प्रतिभागियों अध्ययन के लिए सर्वसुविधायुक्त वाचनालय की सुविधा भी शीघ्र उपलब्ध होगी। मोतीबाग के समीप लगभग 8 करोड़ रूपए की लागत से तीन मंजिला वाचनालय निर्माण का कार्य अब अपने अंतिम चरण में है। स्थानीय प्रतिभागी, जो विभिन्न परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे है, वे इस अध्ययन केन्द्र में अपने घर से किताबें लाकर यहां अध्ययन कर सकेंगे। यहां आने वालों के लिए पार्किंग सुविधा के साथ ही इस पूरे परिसर को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया गया है। इस अध्ययन केन्द्र में एक साथ 600 विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे, जिनकी सुविधा के लिए इस रीडिंग जोन कैम्पस में वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

# युवा समाज के सजग प्रहरीः राज्यपाल हरिचंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन गत दिवस भुवनेश्वर में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव एवं गीतांजलि एक्सीलेंस अवार्ड -2023 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री हरिचंदन ने कहा कि युवा समाज के प्रहरी हैं। स्वस्थ एवं सुंदर देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वे देश का भविष्य हैं. युवा ही देश को सही राह पर ले जा सकते हैं। युवा, गांधी, गोपबंधु और मधुबाबू से प्रेरणा लें और शोषितों को उनका अधिकार दिलाने में मदद करें तथा राष्ट्र की भलाई में योगदान दें।







राज्यपाल श्री हरिचंदन ने नशे की रोकथाम और समाज को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और समाज को पंगु बना देने वाले नशे के प्रति सावधान रहना चाहिए। यह प्रशंसनीय है कि युवाओं ने कोरोना संकट के दौरान मदद के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है। अगर युवा खुद को साबित करें तो हमारा देश दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बन जायेगा। राज्यपाल ने युवाओं से स्वामी विवेकानन्द की तरह सुधारवादी और प्रगतिशील बनने के साथ-साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस के कौशल और साहस के गुणों को अपनाने का भी आह्वान किया।

इस मौके पर 12 युवाओं को राज्यपाल ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में जयदेव विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद सियालदी, खुर्दा के पूर्व विधायक फिलिप श्रीचंदन, संस्थान की सलाहकार सुचिस्मिता परवारी, चेयरमैन रंजन महापात्र, मेजर जोडे सहित सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

## अवैध अतिक्रमण तोड़ने शहर भर में दौड़ रहा बुलडोजर

**रायपुर।** शहर में अवैध निर्माण, अवैध रूप से संचालित दुकानों व सड़क पर यातायात बाधित करने वाले ठेलों, गुमटियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को निगम जोन 1 की टीम ने खमतराई से भनपुरी चौक तक, गुढियारी मार्ग से गोड़वाना अंडर ब्रिज तक, गोडवाना केनाल रोड से रिंग रोड तक और भनपुरी बाजार क्षेत्र में कब्जा मुक्त करवाया। वहीं, जोन-2 में नहर पारा चौक से रेलवे स्टेशन, फाफाडीह चौक एवं राठौर चौक, केनाल लिंक चौक, पंडरी मेन रोड से श्याम प्लाजा तक अवैध कब्जा हटाया गया।

जोन-4 में डीकेएस हास्पिटल के पास एवं मारवाड़ी श्मशानघाट के पास अभियान चलाकर 502 वर्गफीट कब्जा मुक्त करवाया। जोन 5 में आरडी तिवारी स्कूल के पास एवं चंगोराभाठा मार्केट में कबाडी दुकान तोडी गई। जोन 6 में चांदनी चौक से भाठागांव चौक तक व संतोषी नगर चौक से मानसपुरम तक रोड में लगे ठेले जप्त किये गये। जोन 7 में मोती नगर कोटा स्टेडियम दिशा कॉलेज के सामने एवं समता कॉलोनी मार्ग चिंताहरण हनुमान मंदिर के पास अभियान चलाकर 3 ठेले जप्त किए। जोन 9 में आनंद विहार में अभियान चलाकर 3000 वर्गफीट अवैध कब्जा मुक्त करवाया। जोन 10 में अमलीडीह मुख्य मार्ग में शासकीय भूमि पर किये गये 1000 वर्गफीट के अवैध कब्जे को हटाया गया।



## अंडर ग्राउंड केबलिंगः 31 जनवरी तक काम पूरा करने का अल्टीमेटम

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी ने गुरूवार को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शहर के 7 प्रमुख मार्गों पर संचालित अंडर ग्राउंड केबलिंग कार्य योजना के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है कि 31 जनवरी तक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, तय समय सीमा में कार्य पूर्ण न होने की दशा में संबंधित कार्य एजेंसी पर ब्लैक लिस्टेड कर अर्थदंड अधिरोपित करने की कार्रवाई होगी।

### इन जगहों पर चल रहा काम

रायपुर शहर के भीतर बूढ़ेश्वर चौक से चांदनी चौक, लाखे नगर चौक से आमापारा, लाखे नगर चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर, शास्त्री चौक से राजीव गांधी चौक, जयस्तंभ चौक से फाफाडीह, महिला थाना से राजीव गांधी चौक, कोतवाली चौक से जयस्तंभ चौक तक मुख्यमंत्री बाह्य विद्युतीकरण योजना के तहत 36 करोड़ रूपए की लागत से अंडर ग्राउंड केबलिंग का कार्य किया जा रहा है।

## पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन में सभी विभागों का समन्वय अत्यंत आवश्यकः बिस्वजीत दास

■ **पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को समयसीमा में करें पूर्णः शम्मी आबिदी**



**रायपुर।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को समयसीमा में पूरा करने के संबंध में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के उपमहानिदेशक बिस्वजीत दास और आदिम जाति विभाग की आयुक्त शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में प्रदेश के संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए उपमहानिदेशक जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार बिस्वजीत दास ने कहा कि पीएम जनमन योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सर्वांगीण विकास की दिशा में केन्द्र सरकार की एक महती योजना है। योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए सभी नोडल विभागों को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है, तभी योजना के लक्ष्यों को पूर्णता से प्राप्त किया जाना संभव होगा। इसके लिए प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट का पूर्णता से सर्वे किया जाना आवश्यक है, ताकि उस क्षेत्र विशेष में संबंधित सुविधाओं को पहुंचाया जा सके।

आयुक्त शम्मी आबिदी ने सभी नोडल अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए समय-सीमा में काम करने पर जोर दिया। इस योजना के अंतर्गत आज नोडल अधिकारियों के साथ यह पहली बैठक थी। उल्लेखनीय है कि योजना के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 15 जनवरी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में उपस्थित नोडल अधिकारियों द्वारा उनके विभाग द्वारा अब तक इस संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी दी गई। श्रीमती आबिदी ने योजना के बेहतर प्रचार-प्रसार हेतु पीवीटीजी क्षेत्रों में स्थानीय बोली में प्रचार सामग्री वितरण पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि योजना अंतर्गत 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है। इन गतिविधियों में पक्के घर का प्रावधान, पक्की सड़क, नल से जल-समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण (ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से), वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास शामिल हैं। इस योजना का मुख्य लक्ष्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का संपूर्ण विकास करना है। इन सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन मिशन मोड में तीन वर्ष की अवधि में पूर्ण कर सभी बसाहटों को आवश्यकता अनुसार अधोसरंचनात्मक रूप से सुदृढ़ बनाना है।

# मेरे घर के पते में छत्तीसगढ़ लिखा तो इसकी वजह अटल जी

■ **ऑक्सीरीडिंग जोन में लगाई गई है प्रदर्शनी**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग द्वारा नालंदा परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी में राइटिंग वाल में लोग अपनी दिलचस्प प्रतिक्रियाएं लिख रहे हैं। आज एक आगंतुक युवक व्यास ने लिखा कि मेरे घर के पते में छत्तीसगढ़ लिखा तो इसकी वजह अटल जी हैं।

उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी में राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की छत्तीसगढ़ से जुड़ी सुंदर स्मृतियों को संजोती हुई तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित होते छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को दर्शाया गया है। इसका यह चौथा दिन है।

### छायाचित्र प्रदर्शनी में मौजूद राइटिंग वाल में प्रतिक्रिया लिख रहे युवा




प्रदर्शनी का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसमें अटल जी के कार्यकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा छत्तीसगढ़ से जुड़े उनके प्रवास के दुर्लभ छायाचित्रों को दिखाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अनेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ में आरंभ हुए हैं जिनसे छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदर्शनी में इनका अवलोकन भी किया जा सकता है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आरंभ की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को भी प्रदर्शित किया गया है जिनका लाभ उठाकर छत्तीसगढ़ समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को सुशासन दिवस के अवसर पर किया। प्रदर्शनी 31 दिसम्बर तक आम जनता के अवलोकन के लिए खुली रहेगी।

नालन्दा परिसर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र- छात्राएं बड़ी संख्या में इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंच रहे हैं। राइटिंग वॉल बोर्ड में बड़ी संख्या में अपनी प्रतिक्रिया भी लिख रहे हैं। शुभारंभ के मौके पर केबिनेट मंत्री ओ पी चौधरी ने मोदी की गारंटी और सुशासन का संकल्प पंक्तियां लिखी हैं। रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने अपनी प्रतिक्रिया में लिखा है कि राष्ट्र निर्माता अटल जी को नमन। किसी आगंतुक ने अटल के सपनों का छत्तीसगढ़, अपना खुशहाल छत्तीसगढ़ जैसी पंक्ति लिखी है तो किसी ने अटल जी की कविता को उद्धृत किया है। छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।

गुरुवार को छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने आये अम्बिकापुर निवासी और संस्कृत कॉलेज में अध्ययनरत बालेश्वर पैंकरा जागेश्वर खैरवार एवं प्रमोद कुमार नागेश ने कहा कि यहां आकर अटल जी के अतीत को जानने और समझने का मौका मिला। रायपुर निवासी बी लक्ष्मण राव, कुमारी सुमन, कुमारी टेकेश्वरी एवं कुमारी रुपाली देवांगन ने कहा कि यह प्रदर्शनी खुले में ऑक्सी रीडिंग जोन में लगाई गई है जो स्वतः ही हम को आनन्दित कर रही है यह प्रदर्शनी शानदार लगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# कंघी करते वक्त गुच्छे में टूटते हैं आपके भी बाल?
# टेंशन छोड़कर बस फॉलो करें ये टिप्स

सर्दी के मौसम में तापमान कम होने से हवा में नमी कम हो जाती है। जिसकी वजह से स्किन ड्राई और कई तरह की समस्याएं होने लगती है। ठंड में स्किन ही नहीं, बालों की समस्याएं भी काफी बढ़ जाती हैं। ज्यादातर लोग इस मौसम में हेयरफॉल की परेशानी से भी जूझते हैं। गर्मी की अपेक्षा सर्दी में बालों का झड़ना दोगुनी हो जाती है। कई लोग कंघी करते हैं तो उनके हाथ में बालों का गुच्छा ही टूटकर आ जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर सर्दियों में बालों का टूटना-झड़ना ज्यादा क्यों हो जाता है और इससे कैसे बचा जा सकता है।



### सर्दी के मौसम में क्यों बढ़ जाती है हेयर फॉल की समस्या

एक्सपर्ट के मुताबिक, सर्दियों में तापमान कम होने से हवा ड्राई हो जाती है। इससे स्कैल्प ड्राई होने लगती है। नमी की कमी के चलते बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा होता है। ड्राई एयर बालों के टूटने का सबसे बड़ा कारण है। ठंड में बालों को धोने के बाद सुखाने के लिए हेयर ड्रायर के इस्तेमाल से हेयरफॉल बढ़ने लगता है। हेयर ड्रायर बालों को कमजोर बना सकता है। इससे बाल तेजी से टूट सकते हैं। हेयरफॉल की एक और बड़ी वजह गलत लाइफस्टाइल और अनहेल्दी खानपान होता है। इसके अलावा केमिकल वाले शैंपू के यूज से भी बालों का झड़ना तेज हो सकता है।

### सर्दियों में हेयरफॉल कैसे रोके

- डर्मेटोलॉजिस्ट के मुताबिक, हेयरफॉल रोकना है तो हफ्ते में दो-तीन बार शैंपू करने के बाद कंडीशनर करें। इससे बालों में नमी बरकरार रहेगी और हेयरफॉल-डैंड्रफ से राहत मिल जाएगी।
- स्कैल्प की नमी बरकरार रखने के लिए सर्दियों में हफ्ते में कम से कम 1-2 बार स्कैल्प की नारियल तेल या किसी हेयर ऑयल से मसाज करनी चाहिए। इससे बालों की जड़ों में ब्लड की सप्लाई अच्छी बनी रहती है और माइक्रो सर्कुलेशन इंप्रूव होता है, जिससे हेयर फॉल में कमी आती है।
- केमिकल वाले शैंपू, डाई या अन्य प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें। क्योंकि ये बालों को नुकसान पहुंचाकर उन्हें कमजोर बना देते हैं। आप चाहें तो डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलकर अपने लिए शैंपू चुन सकते हैं।
- हेयरफॉल और बालों की हर समस्या से बचने लिए खानपान को बेहतर बनाएं। लोगों को अपनी डाइट में मौसमी फल और सब्जियां जरूर रखें। जितना हो सके पानी पिएं। इससे बालों को पोषण तत्व मिलेगा और बालों का टूटना कम हो जाएगा।
- बालों को मजबूत बनाने और हेयरफॉल से बचने के लिए रोजाना एक्सरसाइज करना चाहिए। फिजिकल एक्टिविटी से बालों तक सही मात्रा में पोषण पहुंचता है। इसके साथ ही बालों को सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल कम करना चाहिए। इससे हेयरफॉल की समस्या कम होगी।

# खुशी दुबे के नए शो आंख मिचौली का प्रोमो रिलीज, अंडरकवर कॉप के अवतार में आएंगी नजर



एक्ट्रेस खुशी दुबे के फैंस के लिए गुड न्यूज है। खुशी को जल्द ही नए शो में देखा जाएगा। वो शो आंख मिचौली में नजर आएंगी। इस शो की कहानी एक अंडरकवर कॉप की कहानी है। शो में खुशी दुबे और नवनीत मलिक लीड रोल में हैं।

आंख मिचौली के मेकर्स ने इस कॉप ड्रामा का एक दिलचस्प प्रोमो जारी किया है। प्रोमो में एक तरफ रुक्मिणी (खुशी दुबे) को एक अंडरकवर कॉप के रूप में गुंडों से लड़ते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरी तरफ, रुक्मिणी पर परिवार का प्रेशर है। रुक्मिणी को शादी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। लेकिन रुक्मिणी एक जानी मानी अधिकारी बनने की इच्छा रखती है।

ऐसे में शो की कहानी बेहद दिलचस्प होने वाली है। आंख मिचौली सास बहू की एक ट्विस्ट से भरी कहानी होगी। रुक्मिणी की जर्नी को देखना दिलचस्प होगा कि कैसे वो अपने लक्ष्यों को हासिल करती है, या क्या शादी उसके इस सपने को तोड़ दिया जाएगा। बता दें कि आंख मिचौली स्टार प्लस पर रिलीज होगा।

मालूम हो कि खुशी को वेब शो आशिकाना से नेम फेम मिला था। इस शो में वो लीड रोल में थीं। उनके कैरेक्टर का नाम चिक्की था, जिसे फैंस ने खूब प्यार दिया। इस शो में वो जैन इबाद खान के अपोजिट रोल में थीं। खुशी को शो नागिन, कैसा अटूट रिश्ते की जोर जैसे शोज में देखा गया। वो 2013 में फिल्म बॉम्बे टॉकीज में भी नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने 2015 में फिल्म दिल धड़कने दो में भी काम किया है। इस फिल्म में वो पुतलू मेहरा के रोल में थीं।

# सर्दियों में गर्म पानी से चेहरा धोना, फायदा या नुकसान?



सर्दियों के मौसम में हमारी त्वचा काफी सूखी और रूखी हो जाती है। ठंड और कम आर्द्रता की वजह से स्किन पर असर पड़ता है। ऐसे में सर्दियों में अपने चेहरे का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है ताकि त्वचा को हेल्दी और खूबसूरत बनाए रखा जा सके। वहीं सर्दियों के मौसम में अधिकतर लोग गर्म पानी से अपना चेहरा धोना पसंद करते हैं। गर्म पानी से चेहरा धोने की यह आदत कई लोगों को आरामदायक लगती है। इसलिए, सर्दियों में गर्म पानी से चेहरा धोना फायदेमंद है लेकिन बहुत अधिक गर्म नहीं होना चाहिए। सही तापमान का पानी इस्तेमाल करके इसके फायदे उठाए जा सकते हैं और नुकसान से बचा जा सकता है।आइए यहां जानते हैं एक्सपर्ट के अनुसार सर्दियों में गर्म पानी से चेहरा धोना फायदेमंद होता है या नुकसानदायक।

### त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं

सबसे पहले तो गर्म पानी से चेहरे की सफाई बेहतर हो जाती है। जब हम अपना चेहरा गर्म पानी से धोते हैं तो पानी की गर्मी के कारण हमारी त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं। इन खुले रोमछिद्रों से त्वचा में जमा गंदगी, तेल, और डेड सेल्स बाहर निकल जाते हैं और चेहरा साफ हो जाता है। यही कारण है कि गर्म पानी से चेहरे की सफाई अच्छी हो जाती है। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि पानी बहुत अधिक गर्म नहीं होना चाहिए। अत्यधिक गर्म पानी से हमारी त्वचा झुलस सकती है और इससे चेहरे पर दर्द, लालिमा जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है,

### चेहरे की चमक बढ़ती है

गुनगुने पानी से चेहरा धोने का फायदा यह है कि इससे चेहरे की रक्त संचार बढ़ जाती है, जिसके कारण चेहरे की चमक आती है। दरअसल, जब हम गुनगुने पानी की मदद से अपना चेहरा धोते हैं तो पानी की हल्की गर्मी के कारण चेहरे की रक्त वाहिकाएं खुल जाती हैं। इससे चेहरे की रंगत में सुधार होता है और चेहरे की स्वस्थ, चमकदार और ताजगी भरी चमक आती है इस तरह सर्दियों में गुनगुने पानी से चेहरा फायदेमंद होता है।

### चेहरे की सूजन में कमी आती है

सर्दियों में कई बार हमारा चेहरे सुबह उठने के बाद सुजा हुआ दिखता है ऐसे में गुनगुने पानी से चेहरा धोने से फायदे के फायदे होते हैं। इससे चेहरे की सूजन और दर्द में भी कमी आती है।

### नुकसान

- बहुत गर्म पानी से त्वचा जल सकती है। इससे लालिमा, सूजन और झुर्रियां पड़ सकती हैं।
- गर्म पानी से त्वचा की नमी बहुत ज्यादा निकल जाती है जिससे रूखापन और इरिटेशन हो सकता है।
- इससे त्वचा का प्राकृतिक तेल व नमी खत्म हो सकती है।
- सेंसिटिव स्किन वालों को गर्म पानी से एलर्जी, लालिमा या खुजली हो सकती है।

# रविकांत पेरेपु ने जानबूझकर एक ऐसी दुनिया बनाई, जिससे मैं जुड़ सकूं: मानसा



पुत्तूर में जन्मीं और चेन्नई में पली-बढ़ीं मानसा चौधरी ने मनोरंजन उद्योग में करियर की उम्मीद में कैमरा चेतना पर काबू पाने के लिए कई साल मॉडलिंग में बिताए। तमिल ओटीटी मूल इमोजी ने उनके अभिनय की शुरुआत की और हालांकि उन्होंने कुछ संगीत वीडियो में अभिनय किया, लेकिन बड़े स्क्रीन की पेशकश उनसे दूर रही। यह उनके माता-पिता ही थे जिन्होंने उन्हें फिल्मों में हाथ आजमाने के लिए प्रेरित किया। बबलगम, उनकी तेलुगु पहली फिल्म, रविकांत पेरेपु के दोस्त आदित्य मंडला के माध्यम से साकार हुई। बाद वाले ने अपनी प्रोफाइल क्षणम फिल्म निर्माता को बताई जिसके बाद चीजें ठीक हो गईं। रविकांत ऑडिशन में विश्वास नहीं करते हैं और अपने अभिनेताओं से प्रदर्शन निकलवाने में आश्वस्त हैं। उन्होंने मुझसे मेरी जड़ों, रुचियों के बारे में कुछ सवाल पूछे, मुझे अंतिम रूप देने से पहले मेरी इंस्टा प्रोफाइल देखी। केक पर आइसिंग यह थी कि रविकांत ने बबलगम में जाह्नवी के साथ उसके वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व को कैसे मिश्रित किया। उन्होंने एक ऐसी जगह बनाई जहां मैं भूमिका में अपने इनपुट ला सकता था। यहां तक कि फिल्म में मेरे दोस्त भी मेरे कॉलेज के दोस्तों जैसे ही दिखे और मुझे बिल्कुल भी बर्फ तोड़ने की जरूरत नहीं पड़ी। इसके अलावा, खुद एक फैशन-उत्साही होने के नाते, निर्देशक ने गुलाबी पैलेट का पालन करते हुए, उन्हें वेशभूषा के साथ स्वतंत्रता दी।

उनके सह-कलाकार रोशन कनकला (एंकर सुमा, राजीव कनकला के बेटे) एक नवागंतुक हो सकते हैं, लेकिन उन्हें फिल्मों का पूर्व अनुभव है और वह शुरू में सेट पर उनसे डरने को लेकर चिंतित थीं। ईमानदारी से कहूं तो, रोशन को अपने अभिनय के सबक मेरे साथ साझा करने की ज़रूरत नहीं थी। उन्होंने मेरी भूमिका में गहराई लाने में मदद की, मुझे कुछ गुर सिखाए और मैं अनुभव के माध्यम से एक अभिनेता के रूप में विकसित हुआ।


अंतरंग दृश्यों के साथ, रविकांत तब तक सेट पर नहीं जाते थे जब तक कि वह और रोशन एक-दूसरे के साथ सहज महसूस नहीं करते थे। वह बताती हैं, शूटिंग के दौरान कम तैयारी करना और कई टेक लेना हमारे लिए सही नहीं होता। जबकि एक गरीब लड़के से मिलने वाली अमीर लड़की की कहानी रोमियो जूलियट टेम्पलेट पर आधारित है, मानसा ने जोर देकर कहा कि कहानी इसी के बारे में है। उतना ही सम्मान करो जितना प्यार करो.

हम निश्चित रूप से कुछ नया छू रहे हैं। अधिकांश प्रेम कहानियाँ लोगों के बीच के मुद्दों से संबंधित हैं। बबलगम उसके बारे में है और अन्य कारकों के बारे में भी है जो उनके जीवन के रास्ते में आते हैं। यह प्रासंगिक है और आज भी अपने स्वरूप में है। वह एक साल से अधिक समय से टीम बबलगम के साथ जुड़ी हुई हैं और उनके अनुभव का सबसे बड़ा लाभ यह है कि सेट पर उनके साथ समान व्यवहार किया जाए।

रविकांत उन सबसे सकारात्मक लोगों में से एक हैं जिनसे मैं कभी मिला हूँ। यहां तक कि अगर उनकी कोई असहमति है या कुछ संवाद करना चाहते हैं, तो वह संवेदनशील तरीके से ऐसा करते हैं और टीम द्वारा मेरा अच्छी तरह से ख्याल रखा गया। मानसा ने बबलगम की शूटिंग में बहुत समय बिताया, वह मानती हैं कि प्रचार अभियान चुनौतीपूर्ण रहा है।

सेट पर माहौल अंतरंग और शांत था, जबकि मुझे अपनी लय ढूंढने और फिल्म के बारे में खुलकर बात करने में कुछ समय लगा। इन महीनों में बबलगम को देखने का मेरा तरीका बदल गया है। मैं आज बातचीत में सहज लग सकती हूं, लेकिन इस तरह का व्यवहार करने में मुझे थोड़ा समय लगा है, मानसा कहती हैं।

इमोजी से लेकर बबलगम तक, अभिनेत्री का मानना है कि एक कलाकार के रूप में उन्होंने काफी प्रगति की है। मेरा मानना है कि मैं फिल्म के साथ एक अभिनेत्री के रूप में परिपक्व हो गई हूं। मैं जिस भी सेट में प्रवेश करूंगा उसमें ऐसा माहौल नहीं होगा, लेकिन मैं लंबी अवधि के लिए तैयार हूं। बबलगम ने मुझे सिखाया है कि मुझे सेट पर बहुत अधिक सामान नहीं ले जाना चाहिए, वर्तमान में जीना चाहिए और आनंद लेना चाहिए। उनके पास कुछ प्रस्ताव आए हैं, लेकिन वह सही समय पर जानकारी बांटना चाहती हैं।



# दिशा पाटनी फिर हुईं कैमरे के सामने बेबाक, टू-पीस पहन फ्लॉन्ट किया सिजलिंग लुक

दिशा पाटनी लगातार अपनी फिल्मों, लव लाइफ और फिटनेस की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। आज उनके दुनियाभर में मौजूद चाहने वाले दिशा की एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं। वहीं, एक्ट्रेस भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने लगी हैं। लगभग हर दूसरे दिन दिशा अपने इंस्टाग्राम पेज पर ग्लैमरस अदाएं दिखाते हुए कई फोटोज शेयर कर देती हैं। अब फिर से उन्होंने अपने गॉर्जियस अवतार से इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है।

लेटेस्ट फोटोज में दिशा ब्लू बिकिनी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। दिशा ने स्वीमिंग पूल के पास बैठकर अपना गॉर्जियस अंदाज दिखाया है। दिशा ने अपने इस लुक को नो-मेकअप टच दिया है। यहां उन्होंने सिर्फ गले में एक क्रॉस का नेकपील कैरी किया है और बालों को ओपन रखा हुआ है। इस सिंपल लुक में भी दिशा बेहद खूबसूरत और हॉट दिख रही हैं। दिशा ने अपने इस बिकिनी लुक को बेबाकी से कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए किलर पोज दिए हैं। दिशा यहां दोस्तों के साथ फुरसत के पल बिता रही हैं। अब एक्ट्रेस की इन अदाओं पर भी चाहने वालों की नजरें टिकी रह गई हैं। कुछ ही देर में दिशा की तस्वीरों पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ते ही जा रहे हैं। दूसरी ओर दिशा के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय उनके पास कई प्रोजेक्ट्स पाइटपलाइन में है। जल्द ही एक्ट्रेस सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेज फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आने वाली हैं। इसके बाद उन्हें योद्धा, कांगुवा और वेलकम टू द जंगल जैसी बड़ी फिल्मों में भी देखा जाने वाला है। फैंस दिशा को एक बार फिर पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक, सांसद ने जताया आभार

**कोरबा ।** ट्रेनों की लेट लतीफी व लगातार कैंसल हो रही यात्री ट्रेनों के कारण यात्रियों को रही परेशानी के बीच कोरबावासियों के लिए रेल विभाग द्वारा सुखद भरी खबरों का स्वागत करते हुए कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने केन्द्रीय रेल मंत्री का आभार जताया है। सांसद ने कहा है कि उनके प्रयास और रेल सुविधाओं के लिए लगातार हो रहे संघर्ष व सुविधाओं के लिए पहल तथा पत्राचार पर केन्द्रीय रेल मंत्री ने संज्ञान लिया और जनता की मांगों के अनुरूप छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक करने का निर्णय लिया गया है। अमृतसर-बिलासपुर के मध्य चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार रेलवे द्वारा कोरबा तक किया गया है जिससे कोरबा से अमृतसर और इस रूट की यात्रा करने वाले यात्रियों को कोरबा से ही जाने और कोरबा तक आने की सुविधा प्राप्त होगी। सांसद ने छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक कराने का निर्णय के साथ ही रेल संबंधी अन्य सुविधाओं को प्रदाय करने पर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही सांसद ने ध्यानाकर्षण कराया है कि गेवरा रोड-कोरबा से राउरकेला तक एक नई यात्री ट्रेन चलाने, बैकुण्ठपुर रोड एवं कटोरा रेलवे स्टेशन की स्थापना तथा स्पेशल बिलासपुर-गेवरा रोड गाड़ी नंबर-08210 जो प्रतिदिन चलती थी और उसे कोरोनाकाल में सप्ताह के तीन दिन मंगल, बुध व शुक्रवार कर दिया गया है उसे सप्ताह में सात दिन किया जाये।

### कृषि कार्य मे नई टेक्नोलॉजी ड्रोन द्वारा नैनो डीएपी के छिड़काव का किया गया डेमोंस्ट्रेशन

**बालोद।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी विकासखण्ड के ग्रामों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम ओझागहन में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किसान के खेत में किया गया तथा इस नई ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। उप संचालक कृषि जी. एस. धुर्वे ने बताया कि अब तक जिले के 37 ग्रामों में ड्रोन प्रदर्शन के माध्यम से नैनो यूरिया/डी.ए.पी. का फसलों में छिडकाव किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ड्रोन की उपयोगिता देखकर सभी किसान व ग्रामीण उत्साहित हुए साथ ही उनके द्वारा इसके उपयोग हेतु ईच्छा व्यक्त भी किया जा रहा है। उप जी.एस. धुर्वे ने बताया कि पी. सूक्ष्म पोषक तत्व, कीटनाशक आदि का छिड़काव पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक कारगर है। यह लगभग 5 मिनट में 01 एकड़ का छिड़काव कर सकता है। इसके साथ ही ड्रोन से रसायनों का छिड़काव समान रुप से होता है जिससे फसलों को उर्वरक व दवाई की समान मात्रा मिलती है। इससे फसलों की वृद्धि के साथ समय की बचत होती है। इस दौरान डेमोंस्ट्रेशन कृषि कार्य हेतु ड्रोन का सफल डेमोंस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारीगण, कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

# सुंदर और विकसित जशपुर बनाने तैयार होगा 'मास्टर प्लान': मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि जशपुर को और अधिक सुंदर बनाएंगे, पूरे छत्तीसगढ़ को समृद्धि के रास्ते पर आगे ले जाएंगे, हम छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया को चरितार्थ कर दिखाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद आज जशपुर की पावन धरा पर अपने प्रथम आगमन पर रणजीता स्टेडियम में आयोजित ''जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह'' को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर लगभग 111 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन किया।**




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जशपुर में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने की आवश्यकता है। पहाड़ी कोरवा जनजाति की खेल प्रतिभाएं धनुर्विद्या में पारंगत हैं। इन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कलेक्टर और एसपी को मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जशपुर में सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक चिकित्सालय की स्थापना के लिए योजना तैयार की जाए ताकि इस अंचल के लोगों को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास हमारा लक्ष्य है। मेरी सभी से सहयोग और मार्गदर्शन की अपेक्षा रहेगी।

मख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालने के बाद मैं पहली बार जशपुर आया हूं। आप लोगों ने जिस प्यार और दुलार के साथ मेरा स्वागत किया है उसके लिए सभी को धन्यवाद। उन्होंने जशपुर की भूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि यह मेरी कर्म भूमि रही है। पूर्व मंत्री एवं सांसद स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव जी मेरे राजनीति के आदर्श रहे हैं। जशपुर आगमन पर आप सभी ने जैसा स्वागत किया उसे मैं जीवन भर नहीं भूल पाऊंगा। यह स्वागत मेरा नहीं पूरे जशपुर का स्वागत है। उन्होंने कहा कि आज यहां 110 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण हुआ है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। आपके बेटे को बहुत बड़ा दायित्व मिला है, उसे पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि जशपुर को सुंदर बनाने के संबंध में आपके कोई सुझाव हो तो अवश्य दें। आप सभी का मार्गदर्शन मुझे मिलता रहे। मैं सदैव जशपुर का नाम रोशन करता रहूं।

श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग के लोगों की खुशहाली की योजना तैयार की गई है। सभी वर्ग की चिंता करते हुए हमने छत्तीसगढ़ के लोगों से वायदा किया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी कि हमारा पहला काम 18 लाख आवासहीनों का पक्का मकान बनाना होगा। उन्होंने कहा कि 13 दिसम्बर को हमने शपथ ली। शपथ-ग्रहण के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री आवास योजना से 18 लाख परिवारों के पक्के आवास स्वीकृत करने का निर्णय लेकर यह गारंटी पूरी कर दी। विधानसभा में इसके लिए बजट भी पारित करवा लिया गया है। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी कर दिया गया है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत हमारी सरकार विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए की राशि की सहायता देगी। गरीब परिवारों को 500 रूपए में गैस सिलेण्डर देने, तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा करने, चरण पादुका योजना पुनः प्रारंभ करने जैसी गारंटियों पर भी शीघ्र अमल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा छत्तीसगढ़ की धरती बहुत उर्वरा है, प्राकृतिक संसाधनों की यहां कमी नहीं है। पर्यटन के क्षेत्र में भी विकास की असीम संभावनाएं हैं। हम न केवल जशपुर जिले का बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का वैसा ही विकास करेंगे, जैसा लोगों की हमसे उम्मीदें हैं। श्री साय ने कहा कि पूर्व में जशपुर को बिलासपुर कमिश्नरी में शामिल कर दिया गया था, जिसे अब पुनः सरगुजा कमिश्नरी में शामिल करने का काम पूरा हो गया है।

## श्री राम मंदिर के उद्घाटन से देश में 50 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का दिन हर लिहाज़ से ऐतिहासिक बनने जा रहा है जिसके लिये देश भर में सभी वर्गों के लोगों में बेहद उत्साह और उमंग दिखाई दे रही है सुर यही कारण है कि श्री राम मंदिर की यह तारीख़ देश में आगामी महीने में लगभग 50 हज़ार करोड़ से अधिक के अतिरिक्त व्यापार का सृजन करेगी। देश में इस अतिरिक्त व्यापार की माँग को पूरा करने के लिए सभी राज्यों में व्यापारियों ने व्यापक तैयारियाँ कर ली हैं -यह बताते हुए कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने कहा कि इससे यह सिद्ध होता है कि सनातन अर्थव्यवस्था की जड़ें भारत में बहुत गहरी हैं। इसी बीच आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रजितेन्द्र दोशी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को राम राज्य दिवस के रूप में घोषित किया जाए क्योंकि राम भारत की प्राचीन संस्कृति, सभ्यता एवं मर्यादा के प्रत्येक हैं और राम का राज सही अर्थों में इन सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का साक्षात दर्शन है।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर देश भर में श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर जिस अभियान को 1 जनवरी से चलाने की घोषणा की गई है और जो उत्साह देश भर के लोगों में दिखाई दे रहा है, उसने देश के सभी राज्यों में व्यापार के बड़े अवसर दिखाई दे रहे हैं और इस से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी जनवरी के महीने में 50 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित अटल सुशासन समारोह में हजारों की संख्या में मौजूद लोगों को भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने लोगों को गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने के साथ ही देश की एकता को सुदृढ़ करने और भारत का नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अटल सुशासन समारोह का आयोजन जिला प्रशासन जशपुर द्वारा किया गया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर 110 करोड़ रूपए की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विभिन्न समाज के पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया और स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती गोमती साय एवं श्रीमती रायमुनि भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री रणविजय सिंह जूदेव, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री साय इस मौके पर छत्तीसगढ़ में बीते 16 दिसम्बर से जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह यात्रा केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में जन भागीदारी के मामले में हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। छत्तीसगढ़ में संकल्प यात्रा में जनभागीदारी 30 प्रतिशत से अधिक है, जबकि राष्ट्रीय औसत 10 प्रतिशत है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमाएवं जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, केसीसी कार्ड से बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। संकल्प यात्रा के दौरान गांव-गांव में हेल्थ कैम्प आयोजित कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाएं दी जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा राज्य के 2 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है। जिसमें 14 लाख से अधिक लोग शामिल हुए हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या पुरूषों की तुलना में अधिक है। संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले हेल्थ कैम्प के माध्यम से लगभग 4 लाख लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने के साथ ही टीबी और सिकल सेल बीमारी के परीक्षण के लिए 3 लाख 15 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई है।

## बालको ने अपने अभियान से एचआईवी-एड्स जागरूकता में अग्रणी भूमिका निभाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा-बालकोनगर।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व एड्स दिवस के तहत अपनी परियोजना श्आरोग्यश् के अंतर्गत एचआईवीध्एड्स के प्रति जागरूकता अभियान आयोजित किया। जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको ने अपने सामुदायिक विकास के तहत जिले में 26,000 से अधिक व्यक्तियों तक सफलतापूर्वक पहुंच बनायी। अभियान का उद्देश्य एचआईवीध्एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से लड़ना और निवारक उपायों को बढ़ावा देना शामिल है। यह उच्च जोखिम वाले समूहों, युवाओं और विभिन्न समुदायों के भीतर सभी को जागरूक करना है। पूरे महीने में चले इस श्जागरूकता रथश् अभियान का शुभारंभ जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। अभियान में समुदायों के भीतर एचआईवीध्एड्स के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए वीडियो, ऑडियो और पैम्फ्लेट का उपयोग किया गया।




अभियान में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में समूह जागरूकता सत्र, माता-पिता और युवाओं को एचआईवीध्एड्स से संबंधित सुरक्षा और रोकथाम रणनीतियों पर संवेदनशील बनाने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य निकायों और समुदायों को जोड़ने का काम किया गया। युवा चैपाल के माध्यम से सभी के सीखने की सुविधा प्रदान की गई, जहां किशोर लड़कियों और लड़कों को लीडर बनाकर समुदायों के भीतर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल में स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता सत्र संचालित किये गए जो 500 से अधिक युवाओं तक पहुंचे। इसका उद्देश्य उन्हें आवश्यक जानकारी तथा सहानुभूति को बढ़ावा देना और एचआईवीध्एड्स के संबंध में संवेदनशील व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां जागरूकता एचआईवी के खिलाफ एक शक्तिशाली ढाल के रूप में कार्य करेगा। जागरूकता सत्रों के साथ हमारा लक्ष्य एक अधिक सूचित और प्रगतिशील समाज को बढ़ावा देना है, जो ऐसी बीमारी के ट्रांसमिशन में कमी लाएगा और जीवन को सुरक्षित कर सकता है। समुदायों के भीतर हमारा लक्ष्य सभी के लिए एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य बनाने की दिशा में हमारी कटिबद्धता को दर्शाता है।

नागरिकों से बीमारी को बेहतर ढंग से समझने का अनुरोध करते हुए कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी ने कहा कि मैं प्रत्येक नागरिक से आगे बढ़ने, जानकारी प्राप्त करने और अपनी एचआईवीध्एड्स स्थिति के बारे में जागरूक रहने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खंड और जिले के भीतर, एकीकृत परीक्षण और परामर्श केंद्र (आईसीटीसी) तैयार हैं, जो व्यक्तियों को उनकी भलाई की यात्रा में सशक्त बनाने के लिए मुफ्त परीक्षण और परामर्श प्रदान करते हैं। बालको की परियोजना आरोग्य, स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। इस पहल से ट्रक चालकों और प्रवासी श्रमिकों जैसे उच्च जोखिम वाले व्यवहार वाले समूहों के बीच एचआईवी पर जागरूकता पैदा करने की दिशा में भी परिश्रमपूर्वक काम करती है। वित्तीय वर्ष 2024 में अभी तक मे 2,000 से अधिक व्यक्तियों को कैनोपी शिविरों, वन-टू-वन परामर्श सत्रों और समूह जागरूकता सत्रों के माध्यम से जागरूक किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का सफर महासमुंद जिले में निरंतर जारी है।आज जिले के पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत किशनपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

पिथोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत किशनपुर में महासमुन्द लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से सबका सपना साकार हो रहा है। आज विकसित भारत यात्रा के माध्यम से जो भी हितग्राही योजना से वंचित हुए हैं उन्हें लाभ देने का एक सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गठन होते ही 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिलेगा। इसी तरह उज्जवला गैस कनेक्शन भी अब आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सब विकसित भारत का संकल्प लें और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले। उन्होंने शिविर में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में ओ डी एफ प्लस, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### 5 लाख का इनामी समेत 2 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा (ए)।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। एक इनामी समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही दोनों नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार, सुकमा के फुलबगड़ी थाना क्षेत्रान्तर्गत एक 5 लाख इनामी (पामेड़ एरिया कमेटी, एसीएम) सहित थाना भेजी क्षेत्र से एक नक्सली कुल 2 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पामेड़ एरिया कमेटी (एसीएम) विगत 18-20 वर्षो से सक्रिय रहा है। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सली बीजापुर और सुकमा जिला क्षेत्र के मूल निवासी हैं। डीआरजी, जिला पुलिस बल और आसूचना शाखा सीआरपीएफ 02 री वाहिनी की संयुक्त टीम ने ये कार्रवाई की है।

### खेत में पेड़ के पास जुआ खेल रहे 5 आरोपी युवक गिरफ्तार



**नर्मदा।** गंडई थाना क्षेत्र में जुआ खेलने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गंडई थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान सूचना पर ग्राम नर्मदा में घेरा बंदी कर ताश खेल रहे जुआरियों को पकड़ा। बस्ती के किनारे मोहन पुरी के खेत में बबूल पेड़ के पास अयुब खान पिता ढेलू खान (38) नर्मदा, खेलन पटेल पिता मुन्नीराम पटेल (24) ग्राम चकनार, बिज्जू निषाद पिता राजकुमार निषाद (21) ग्राम नर्मदा, जितेन्द्र जंघेल पिता स्व. तिलकराम जंघेल (29) ग्राम नर्मदा, समीर खान पिता नासिर खान (24) ग्राम सलोनी जालबांधा से ताश पत्ती एवं 3100 रुपए जब्त कर धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

# राजधानी में सामूहिक आत्महत्या, एक ही पंखे पर लटकी मिली पति-पत्नी और बेटी की लाश

## टिकरापारा की घटना, दो से तीन दिन पुरानी हो सकती शव, जांच में जुटि पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में सामूहिक आत्महत्या का मामला सामने आया है। यहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों की लाशें पंखे पर लटकती मिली। पति-पत्नी व 16 साल की बेटी एक ही पंखे पर झूलते पाए गए। घटना के बाद आसपास हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को पीएम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार शव दो से तीन दिन पुरानी हो सकती हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



मिली जाकारी के अनुसार टिकरापारा थाना क्षेत्र में निवासी लखन सेन (48), उसकी पत्नी रानू (42) और बेटी पायल (16) का शव फंदे पर लटका मिला। कमरे से बदबू आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शव एक ही पंखे पर लटके देखे। इसके बाद शवों को उतारवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौके पर फोरेंसिंक जांच टीम भी पहुंची। जांच के बाद बताया गया कि शव दो से तीन दिन पुराने हैं। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है।

### स्टील कारोबारी के यहां काम करता था मृतक

पुलिस ने बताया कि मृतक लखन सेन राजधानी के स्टील कारोबारी अशोक जैन के यहां ड्राइवर का काम करता था। आत्महत्या का स्पष्ट कारण पुलिस को अभी पता नहीं चल पाया है। आस पड़ोस के लोगों से प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि लखनलाल किसी बीमारी से परेशान था। स्थानीय डॉक्टरों द्वारा उसे कैंसर होने की बात भी बताई गई। उसने मुंबई में भी जांच कराई थी लेकिन कुछ नहीं निकला। पुलिस को यह भी पता चला है कि वह पड़ोसी पर जादू टोना का शव किया करता था। हालांकि पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगाने सभी एंगल से जांच कर रही है।

# शराब में मिलावट, आबकारी उपनिरीक्षक निलंबित, चार कर्मचारी बर्खास्त




**अंबिकापुर (ए)।** अंबिकापुर के बौरीपारा गाड़ाघाट स्थित शराब दुकान में मिलावट का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने के बाद आबकारी उपनिरीक्षक सौरभ साहू को निलंबित कर दिया गया है। चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ ने उक्त कार्रवाई की है। अंबिकापुर शहर के गाड़ाघाट स्थित शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा मिलावट करते वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था।

कलेक्टर कुंदन कुमार ने भी प्रकरण को गंभीरता से लिया था। उनके निर्देश पर भी जांच चल रही थी। यह वीडियो वहीं के एक निष्कासित कर्मचारी ने प्रसारित किया था। इधर आबकारी आयुक्त महादेव राव कावरे ने उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता सरगुजा से जांच कराई थी। जांच में शराब में मिलावटी संबंधी वीडियो विदेशी मदिरा दुकान बौरीपारा अंबिकापुर का पाया गया।

आबकारी आयुक्त ने वीडियो में दिख रहे शराब विक्रयकर्ता बृज बिहारी गुप्ता, विजय नंद राजवाड़े, मल्टीपर्पस वर्कर सुरेश कुमार राजवाड़े व सुरक्षा गार्ड रामसेवक तिर्की के विरुद्ध ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई करते हुए नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं दुकान के प्रभारी अधिकारी सौरभ साहू उप निरीक्षक आबकारी को कार्य में लापरवाही पाए जाने पर निलंबित कर दिया है।

# बाइक सवार जीजा-साले को तेज रफ्तार गाड़ी ने मारी जोरदार टक्कर, दोनों की मौत

**बलौदाबाजार (ए)।** बलौदाबाजार जिले के ग्राम कोदवा में जयंती कार्यक्रम देखने जा रहे जीजा-साला सड़क हादसे के शिकार हो गए। घोटिया मोड़ पर अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से दोनों की मौत हो गई। मामला पलारी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, लटवा गांव का रहने वाला भोजराम कनौजे (30) अपने ससुराल पलारी आया हुआ था। यहां वो अपने साले मुकेश कनौजे के साथ ग्राम कोदवा गया हुआ था। 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती थी, लेकिन उसके कार्यक्रम पूरे महीने गांव-गांव में चलते हैं। ग्राम कोदवा में आयोजित जयंती कार्यक्रम को देखने के लिए जीजा-साला एक ही बाइक पर सवार होकर गए हुए थे।



गुरुवार रात 8 बजे रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर घोटिया के पास बाइक सवार जीजा-साले को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल जीजा-साले को पलारी अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बलौदाबाजार रेफर किया गया। यहां निजी अस्पताल में इलाज के दौरान जीजा भोजराम और साले मुकेश की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। साले मुकेश की पत्नी भुनेश्वरी ने कहा कि उसने अपने पति को ठंड में बाहर जाने से काफी मना किया था, लेकिन उसने बात नहीं मानी। भोजराम और उसकी पत्नी दुलारी के 2 बच्चे हैं। वहीं मुकेश और भुनेश्वरी की शादी को ज्यादा वक्त नहीं हुआ था। उनके बच्चे नहीं हैं। शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर एक साल में 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं। इसकी मुख्य वजह रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर 24 घंटे भारी वाहनों की आवाजाही है। भारी वाहनों के ड्राइवर टोल टैक्स बचाने के लिए इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं, जिससे यहां हमेशा ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। यही वजह है कि इस रोड पर अक्सर हादसे होते रहते हैं।

### गले में लटका गमछा बाइक में फंसने से गिरी मां की मौत

**कोरबा (ए)।** बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर जाते समय वृद्ध मां की साड़ी व गमछा का एक सिरा चैन में फंस गया और वह नीचे गिर पड़ी। गंभीर रूप से चोंट लगने पर वृद्धा की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कटघोरा थाना अंतर्गत रजकम्मा राष्ट्रीय राजमार्ग में यह घटना हुई। बक्साही निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई संदीप कुमार ग्राम तुमान से खुद की बाइक क्रमांक सीजी 10 एएल 1454 में पीछे मां भागमती पति पुन्नूराम विनायक 60 वर्ष को बिठाकर ग्राम बक्साही जा रहा था।

इस दौरान रास्ते में रजकम्मा मेन रोड पर भागमती के गले में मौजूद गमछा और साड़ी का किनारा बाइक के चैन और चक्के में फंस गया। इससे भागमती सड़क पर गिर पड़ी और गला, पीठ, पैर में गंभीर चोट लगी। उसे उपचार के लिए कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन परीक्षण उपरांत चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया।

# दो लाख के सोने-चांदी के जेवरात समेत चोरों ने नकद किया पार



**कोरबा (ए)।** पाली क्षेत्र में एक मकान में घुस कर अज्ञात चोरों ने दो लाख के सोने-चांदी के जेवरात समेत 20 हजार नकद रकम की चोरी कर ली। सुबह जब परिवार के सदस्यों की नींद खुली, तो घर के कमरे का ताला टूटा देखा, तब उनके होश उड़ गए। पाली थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पूरा मामला पाली थाना क्षेत्र का है।

अश्वनी पटेल 29 वर्ष व उनका परिवार बुधवार की रात खाना खाने के बाद सो गए। देर रात को अज्ञात चोरों ने घर के पीछे के रास्ते से घर के अंदर प्रवेश किया। जिस कमरे में सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे, उस कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने पेटी समेत सोने-चांदी और नगदी रकम को चोरी कर फरार हो गए। अश्वनी का कहना है कि सुबह नींद खुलने पर उन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पाली थाना पुलिस को दी। पुलिस ने डाग स्क्वायड टीम की मदद ली। इस दौरान चोरी हुए पेटी घर के पीछे के बाउंड्रीबाल परिसर से बरामद किया गया, लेकिन पेटी में रखे जेवर व रकम गायब थे। पाली थाना प्रभारी दलबल समेत जांच कर रहे हैं। लेकिन पुलिस को चोरों को संबंध में कुछ खास सुराग नहीं मिल पाया। पाली पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और विवेचना की जा रही है। जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

### बिलासपुर में धान का अवैध परिवहन व बिक्री पर सख्ती

# 31 बिचौलियों से 576 क्विंटल धान जब्त, कलेक्टर के निर्देश पर मंडी अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में खाद्य विभाग ने धान के अवैध परिवहन व बिक्री पर सख्ती दिखाई है। विभाग के अफसरों ने जिले के अलग-अलग इलाकों में जांच कर 31 बिचौलियों को पकड़ा है और उनके पास से 576 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस अवैध कारोबार में लिप्त व्यापारियों के खिलाफ विभाग ने मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

दरअसल, इस बार राज्य शासन ने धान का रकबा बढ़ा दिया है। लिहाजा, खरीदी केंद्रों में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। ऐसे में खरीदी केंद्रों में धान खपाने के लिए बिचौलिए सक्रिय है, जिसमें कई व्यापारी भी शामिल हैं, जो किसानों की धान को खरीदकर खरीदी केंद्रों में खपा रहे हैं।

### कलेक्टर ने निरीक्षण कर कार्रवाई करने दिए हैं निर्देश

जिले में धान खरीदी को लेकर बिचौलिए सक्रिय होने की सूचनाएं मिलने के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने खाद्य विभाग के अफसरों के साथ ही राजस्व और पुलिस को इलाके में धान परिवहन करने वाले वाहनों की सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### खाद्य विभाग की टीम ने 31 बिचौलियों के खिलाफ की कार्रवाई



कलेक्टर के निर्देश के बाद खाद्य विभाग की टीम खरीदी केंद्रों के साथ ही धान परिवहन करने वाले वाहनों की लगातार जांच कर रही है। इस दौरान वाहन चालक और धान परिवहन करने वालों की दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच के दौरान टीम ने अब तक 31 व्यापारियों व बिचौलियों को पकड़ा है, जिनके पास से 576 क्विंटल धान जब्त कर मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की गई है।

### यहां की गई है कार्रवाई

विभाग के अफसरों ने कृषि उपज मण्डी समिति बिलासपुर के अंतर्गत 302 क्विंटल धान, कृषि उपज मण्डी समिति कोटा के अंतर्गत 99 क्विंटल धान, कृषि उपज मण्डी समिति जयरामनगर के अंतर्गत 96 क्विंटल धान, कृषि उपज मण्डी समिति तखतपुर के अंतर्गत 79 क्विटल धान पर प्रकरण दर्ज किया है।

# जुआ खेलते 11 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जमानत पर छोड़ा

**बलौदाबाजार।** पुलिस ने 11 जुआरियों को ग्राम मटिया में जुआ खेलते हुए पकड़ा है। उनके इनके कब्जे से ताश के पत्ते और 12650 रुपए जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई चौकी गिरौदपुरी थाना गिधौरी टुण्ड्रा पुलिस ने की है। इसके बाद सभी 11 आरोपियों को जमानत मुचलका पर रिहा भी कर दिया गया। पुलिस ने जिन आरोपियों को पकड़ा है उनमें राकेश साहू, द्वासराम कर्ष, रामखिलावन, भुनेश्वर टंडन, गुलशन प्रेमी, भुनेश्वर खूंटे, देवकुमार चेलक, साहेबलाल खरे, मनराखन मनहर, रोहड़ी टडन और चंद्रिका प्रसाद कुर्रे शामिल हैं।


**कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम, विकासखण्ड- दुर्ग ( निकुम ), जिला - दुर्ग ( छ.ग. )**

**Telephone No-0788-26161276** **Email:-nhmnikum@gmail.com**

पत्र क्र/स्था./2023-24/3821 निकुम, दिनांक 26/12/2023

**निविदा सूचना**

सर्व सधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि इस विभाग में मितानिन 28 वां चरण 6 दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण में चाय, नास्ता, भोजन एवं किराये का गद्दा, चादर, ताकिया, कम्बल / रजाई व प्रशिक्षण भवन व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु ईच्छुक पंजीकृत स्व. सहायता समूह से मुहर बंद निविदायें पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि मे 500/- रूपये की नगद राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा प्रपत्र ब्रिकी की अंतिम तिथि :-** दिनांक 16.01.2024 दिन मंगलवार शाम 5.00 बजे तक

**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :-** दिनांक 17.01.2024 दिन बुधवार दोपहर 3.00 बजे तक

**निविदा खोलने की तिथि :-** दिनांक 17.01.2024 बुधवार समय शाम 4.00 बजे

**निविदा खोलने का स्थान :-** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम, विकासखण्ड - दुर्ग (निकुम), जिला - दुर्ग (छ.ग.)

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
विकासखण्ड दुर्ग (निकुम), जिला-दुर्ग (छ.ग.)

जी- 06717/3



**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग**

**उद्घोषण-पत्र**

रा.प्र.क्रं./...... /अ-6/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक सुबोध पाटनी वर्गे पिता स्व. फूल चंद पाटनी निवासी ग्राम जैन गली सदर बाजार दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 575/5 रकबा 0.040 हे. भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार फूल चंद पाटनी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 15/01/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/12/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक- 20/12/23
सुनवाई दिनांक- 15/01/24

**तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा**

**संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 24 ( प्रथम बार )**

**क्रमांक /3515/वलेलि / ग्रायासेवा / 2023-24 बेमेतरा दिनांक 27/12/2023**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा निर्माण एवं संधारण कार्य हेतु दर अनुसूची जो दिनांक 01.11.2021 तथा विद्युत कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में प्रचलित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर संशोधित दिनांक 04.01.2024 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 08.01.2024 को समय अपरान्ह 12.30 बजे खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शास.प्रा.शाला/शास.पूर्व मा.शाला/शास.उच्चतर मा. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य, भवन मरम्मत कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित, वि.ख.-साजा, कुल कार्य 11 | 88.46 |
| 2 | शास.प्रा.शाला/शास.पूर्व मा.शाला/शास.उच्चतर मा. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित, वि.ख.-बेरला, कुल कार्य 14 | 90.62 |
| 3 | शास.प्रा.शाला/शास.पूर्व मा.शाला/शास.उच्चतर मा. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित, वि.ख.-बेमेतरा, कुल कार्य 08 | 58.16 |
| 4 | शास.प्रा.शाला/शास.पूर्व मा.शाला/शास.उच्चतर मा. विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्य, आंतरिक विद्युतीकरण सहित, वि.ख.-नवागढ़, कुल कार्य 09 | 45.13 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर, राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://res.cg.gov.in में प्राप्त की जा सकती हैं एवं कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती हैं। सभी कार्यों हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर कार्यालय में पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 04.01.2024 हैं।

**( महाजन बांधड़े )**
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बेमेतरा

जी- 06738/6



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में

All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### एक दिवसीयः आवासीय पट्टा के शिविर में मिले 2138 आवेदन

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश में राजस्व विभाग और नगर निगम द्वारा एक दिवसीय पट्टा से संबंधित शिविर का आयोजित किया था।नए पट्टे के लिए शिविर आयोजित किया गया था।दुर्ग नगर पालिक निगम व राजस्व विभाग द्वारा नया पट्टा देने के लिए शिविर शहर क्षेत्र के वार्डो में शिविर लगाया जिसमे वार्डों से एक दिवसीय शिविर में आबादी पट्टा के लिए आवेदन मिले।जिसमे शहर के चार जोन में शिविर लगाया गया था। आबादी पट्टा के लिए आवेदन लेने चंद्रशेखर स्कूल 800 आवेदन, पटरीपार क्षेत्र आदित्य नगर जोन कार्यालय 466 आवेदन प्राप्त हुए।इसके अलावा गुरुघासीदास वार्ड 44 शिविर से 237 आवेदन पट्टा के प्राप्त हुए।इसी प्रकार सुभाष स्कूल संतरा बाड़ी से 268 आवेदन मिले और पोटियाकला शासकीय स्कूल के शिविर से 367 आवेदन मिले।शहर क्षेत्र के पांच शिविरों से कुल आवेदन 2138 आवेदन प्राप्त हुए है।

### पी.एम.श्री. योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी के निर्देशानुसार राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के अनुसार जिला परियोजना कार्यालय दुर्ग के पी.एम.श्री. योजना 2023-24 के अंतर्गत चयनित ग्यारह विद्यालयों में अंशकालीन योगा, स्पोर्ट टीचर एवं कोचेस की नियुक्ति किया जायेगा। खेल शिक्षक व प्रशिक्षक हेतु न्यूनतम स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री या शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री वाले शिक्षकों व प्रशिक्षकों एवं योग प्रशिक्षक हेतु योग से संबंधित प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष योग्यताधारी आवेदक अपना आवेदन 03 जनवरी 2024 तक जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग की ओर सीधे/ पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत जानकारी जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग के सूचना पटल पर कार्यालयीन समय में अवलोकन कर सकते है।

### संयंत्र स्तरीय राजभाषा तिमाही रिपोर्ट प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र के सभागार में 27 दिसंबर 2023 को संयंत्र स्तरीय राजभाषा तिमाही रिपोर्ट प्रविष्टि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) श्री अमूल्य प्रियदर्शी थे। इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के राजभाषा हिंदी समन्वय अधिकारीगण तथा कार्यालयीन कार्यों में संलग्न अधिकारी व कर्मचारीगण प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, हम सब हिंदी भाषी 'क' क्षेत्र के निवासी हैं। अतः हमें हिंदी में ही अपने शत-प्रतिशत कार्यालयीन कार्य संपादित करना चाहिए। राजभाषा विभाग द्वारा इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, किसी भी कठिनाई की स्थिति में भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग से संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

# सुपेला संडे मार्केट में विधायक रिकेश सेन के निर्देश पर निगम ने की मार्किंग

## आबंटित दुकानों की सीमा हुई निर्धारित, यातायात बाधित करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। पिछले रविवार सुपेला के संडे मार्केट में अव्यवस्था देख वैशाली नगर विधायक खुद वहां पहुंचे और व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए संडे बाजार में अतिक्रमण और अनावश्यक ठेले खोमचे लगवा जाम की स्थिति निर्मित करने वालों पर रविवार से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आपको बता दें कि विधायक को इस दौरान शिकायत मिली थी कि बाजार के कई व्यवसायी खुद ठेले खोमचे लगवा कर किराया वसूलते हैं।**





मार्केट की इस बदहाल अव्यवस्था पर विधायक रिकेश सेन ने नाराजगी जताते हुए मौके पर ही ऐलान किया था कि 31 अक्टूबर रविवार से मार्केट में गैरकानूनी ढंग से अतिक्रमण कर व्यवसाय करवाने वाले व्यापारियों की रजिस्ट्री शून्य करने जैसी कड़ी कार्रवाई होगी क्योंकि अवैध ठेले खोमचे और पसरा लगा व्यवसाय को बढ़ावा देने से मार्केट में जाम के हालात बन जाते हैं। आपात स्थिति में इस मुख्य मार्ग से फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस आदि नहीं निकल पाती है जो कि शहर की व्यवस्था पर एक तरह से बदनुमा दाग प्रतीत होता है।

श्री सेन ने तत्काल निगम प्रशासन को रविवार से मार्केट को पुनः व्यवस्थित बनाने निर्देश दिए थे। नतीजतन आज निगम अधिकारियों ने इस मार्केट में पहुंच कर मार्किंग की है। इस मार्किंग के बाहर दुकान, ठेला, पसरा, खोमचा या सामान फैला कर व्यवसाय करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। मार्केट में अवैध कब्जे पर निगम टीम निगरानी करते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर भी रही है।

आज सुपेला संडे मार्केट में मार्किंग कर आबंटित दुकानों की सीमा निर्धारित की गयी है। निगम क्षेत्र में यातायात को बाधित करने वाले, सड़क पर किये गये अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसते हुए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि नियम विरूद्ध निर्माण एवं अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। निगम टीम ने अवैध कब्जाधारी को हिदायत दी है कि दुबारा कब्जा पाये जाने पर निगम द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक यातायात को प्रभावित करने वाले संडे बाजार से वाहन आवागमन को सुगम बनाने सड़क पर होने वाले अतिक्रमित व्यापार, आबंटित दुकान के बाहर टीन टपरा से घेर कर किये गये अतिक्रमण सड़क पर तखत ठेला, गुमटी लगाकर बाधित करने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जोन आयुक्त जोन-1 एवं 2 की टीम ने गुरूवार को घड़ी चौक से नाला तक तथा नाले के बाद गदा चौक तक आबंटित दुकान के बाहर नाली सीमा तक सफेद पेंट से स्थायी मार्किंग कर व्यापारियों को हिदायत दी है कि उक्त मार्किंग के बाहर जितने भी ठेला, गुमटी, टीन टपरा से हुए सड़क पर अतिक्रमण को तत्काल खाली कर दें। आमागी रविवार को जोन 1 एवं 2 की टीम मार्किंग के बाद किये जा रहे व्यवसाय की जॉच कर सड़क पर पाये गये अवैध कब्जों की बेदखली एवं सड़क पर पाये गये विक्रय वस्तु की सामग्री को जब्ती की कार्यवाही करेगा।

## फ्लावर शो का होगा आयोजनः रंग बिरंगे फूलों की खुशबू से महकेगा राजेन्द्र पार्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा फ्लावर शो का आयोजन कराये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय जनवरी माह के भीतर राजेन्द्र पार्क में किया जाएगा। शहर में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजेन्द्र पार्क में फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा।इसके लिए महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर पर्यावरण एवं उद्यानिकी प्रभारी श्रीमती सत्यवती वर्मा के अध्यक्षता में बैठक आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने फ्लावर शो के प्रस्ताव पर चर्चा कर कहा कि नगर निगम द्वारा पिछले वर्ष आयोजित फ्लावर शो कार्यक्रम सफल रहा एवं इसका बेहतर परिणाम देखने को मिला।प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में भी राजेन्द्र पार्क में माह-जनवरी 2024 में फ्लावर शो जा आयोजित किये जाने की सहमति समिति के सदस्यों ने बनाई है,पर्यावरण एवं उद्यानिकी समिति की बैठक में सभी सदस्यों ने अपनी सहमति बनी और जनवरी माह के भीतर फ्लावर शो का आयोजन किया जाना है: जनवरी माह में रंग बिरंगे फूलों की खुशबू से महकेगा राजेन्द्र पार्क।बैठक के दौरान श्रीमती निर्मला साहू, श्रीमती प्रेमलता पोषण साहू,श्रीमती उषा ठाकुर, श्रीमती कविता ताण्डी,श्रीमती मीना सिंह, श्रीमती पुष्पा गुलाब वर्मा,श्रीमती हेमा शर्मा,श्रीमती कुमारी राकेश भारती साहू,सुश्री श्रद्धा सोनी,सहायक अभियंता जितेंद्र समैया,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह,पुरूषोत्तम साहू के अलावा अन्य मौजूद रहे।



## विकसित भारत संकल्प यात्राः शिविर में लाभ के लिए नागरिक कर रहे आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव आरसीसी पानी टंकी केम्प 02 एवं सेक्टर 10 गणेश मंच में गुरूवार को रहा । शिविर स्थल पर शासकीय योजना का लाभ उठाने नागरिकों की भीड़ रही। संकल्प शिविर में 5354 नागरिक शामिल हुए और योजनाओं से लाभान्वित होने 986 लोगो ने फार्म भरे।

शिविर का शुभारंभ क्षेत्र के पार्षद सत्यवती जायसवाल एवं पार्षद विनोद चेलक, त्रिलोचन सिंह, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, डे नोडल वेशराम सिन्हा, संजय बागड़े, बी.के.वर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, अजय गौर,आलोक पसिने दिप्ती साहू विनिता वर्मा, वशीम खान,श्वेता वर्मा, शरद दुबे ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित किये इसके पश्चात उपस्थित नागरिको ने भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प भी लिए।



शिविर में उज्जवला योजना के गैस कीट ए.धरधा नायडू, बेबी साव, स्वनिधि योजना के अरूण सिंदे, सुपोषित बच्चों के रूप में प्रियांश तांडी, अराध्या निषाद को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चंचल, पूजा देशलहरे का अतिथियों ने गोदभराई की रस्म अदायगी की।

शिवालय ग्राउण्ड ( वार्ड 38 एवं 39)एवं सड़क 15 के समीप (बोरिया मार्केट) के पास आयोजित किया गया है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास, जिला स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, आयुष्मान कार्ड भारतीय डांक तार विभाग, आदि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल लगाये गये जा रहे है।

## दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित पेंटिंग्स प्रदर्शनी उद्घाटित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित पेंटिंग्स के चयनित चित्रों की प्रदर्षनी का आयोजन 28 से 29 दिसम्बर 2023 के मध्य किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 28 दिसम्बर 2023 को संध्याकाल मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (विपणन एवं व्यावसायिक योजनाएं) श्रीमती सुष्मिता डे द्वारा अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती सुष्मिता डे ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्षनी प्रतिभावान बच्चों की प्रषंसनीय, सुंदर नवोन्मेषी पेंटिंग्स का साक्ष्य है। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन के लिए जनसम्पर्क विभाग की सराहना की। इस अवसर पर संयंत्र के महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री प्रषान्त तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय यह चित्रकला प्रदर्शनी 28 से 29 दिसम्बर 2023 तक प्रतिदिन संध्या 4.00 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित पेंटिंग्स के चयनित और पुरस्कृत चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही प्रदर्शनी में संयंत्र में उपयोग होने वाले विभिन्न सुरक्षा उपकरणों का भी यहां प्रदर्शन किया गया है। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर गोल्डन इम्पेथी फाउंडेशन (जीई) से प्रदीप पिल्ले, डॉ हेमा कुलकर्णी, डॉ ज्योति पिल्ले, श्रीमती मृदुल शुक्ला, श्रीमती प्रतिभा पटेल, प्रकाश देशमुख, श्रीमती श्वेता सिंह राठौड़, मोनिका सिंह, के वी विनोद तथा स्वाती बरिक, आर्ट्स क्लब से हरि सेन, ईश्वर पटेल, पी के नंदी, के एल सिन्हा तथा भिलाई के सामान्य नागरिकगण उपस्थित थे। इसके साथ ही सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई, बीआईटी दुर्ग, स्वामी आत्मानंद शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं जो जीई फाउंडेशन से स्वयंसेवक के रूप में जुड़े है भी मौजूद थे। विदित हो कि कल 29 दिसम्बर 2023 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ प्रमोद बिनायके के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है।

## जयंती पर याद किए गए पूर्व विधायक विद्यारतन भसीन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक विद्यारतन भसीन की जयंती पर आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सहित भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका पुण्य स्मरण किया। लोकांगन वैशाली नगर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन ने उन्हें सरल व्यक्तित्व का लोकप्रिय नेता बताते हुए कहा कि भसीनजी ने दुर्ग जिले में भारतीय जनता पार्टी को सुदृढ़ बनाने में अपना अहम योगदान दिया था। भिलाई निगम महापौर रहते हुए जहां उन्होंने क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व कदम उठाए वहीं वैशाली नगर में उनके मार्गदर्शन में ही हम लोगों ने घर घर भाजपा की जनउपयोगी योजनाओं को पहुंचाते हुए क्षेत्रवासियों को केंद्र की योजनाओं का लाभ दिलाया। उनकी जयंती पर पुरूषोत्तम देवांगन, अमर सोनकर, त्रिलोचन सिंह, अशोक गुप्ता, अमित मिश्रा, महेश वर्मा, विजय शुक्ला, रमेश चेलक, छोटेलाल चौधरी, मुन्ना आर्य, चिन्ना राव, भोला साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।



## बीआरएम ने 1 लाख टन उत्पादन का जश्न मनाया मापित क्षमता को पार करने का रचा था इतिहास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण में मॉडेक्स यूनिट के रूप में उत्पादन में शामिल हुई बार एवं रॉड मिल की मापित क्षमता 0.9 मिलियन टन है। इस आधुनिक इकाई बार एवं रॉड मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष में अनेक कीर्तिमान बनाते हुए अक्टूबर-2023 में 1,01,111 टन टीएमटी बार का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का कीर्तिमान बनाया। मासिक उत्पादन के इस अत्यंत चुनौती पूर्ण लक्ष्य 1 लाख टन को विभाग की टीम ने सामूहिक प्रयास से पहली बार पार किया।

इस महती उपलब्धि जष्न मनाने के लिए बीआरएम के प्रतिबद्ध सदस्यों, सभी सम्बंधित विभागों तथा प्रबंधन समूह हेतु बीआरएम परिसर में 23 दिसम्बर सम्मान स्वरुप गौरव भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बीआरएम के साथ कार्य करने वाले सभी सम्बंधित विभागों के कार्मिकों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। व्यावसायिक क्षेत्रो में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए बार एवं राड मिल ने अनेक चुनौतीपूर्ण प्रोफाइल रोल कर अपनी उत्पाद श्रंखला को लगातार समृद्ध किया है।



इस अवसर पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) समीर स्वरुप, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाए) प्रबीर कुमार सरकार, मुख्यमहाप्रबंधक प्रभारी (अनरक्षण एवं उपयोगिताएं)असित साहा तथा अन्य मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कार्मिकगण उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने बीआरएम के इस अदभुत कीर्तिमान की स्मृति में केक कटवाया। अनिर्बान दासगुप्ता ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बीआरएम बिरादरी के सर्मपण तथा प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि सभी संबंधित विभागों के सहयोग से ही बीआरएम ने उत्पादन के अधिकतम स्तर को बनाए रखने में कामयाबी हासिल की और उत्कृष्टता की अपनी यात्रा में कई मील के पत्थर पार किए है। उन्होंने कीर्तिमानों की श्रृंखला को सतत जारी रखने का आव्हान किया। कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने भी सभी कार्मिकों को बधाई प्रेषित की।

विभागाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने बीआरएम विभाग के कर्मचारियों के समर्पण को सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों के अनुपालन के फलस्वरूप ही यह उत्कृष्ट उपलब्धियां संभव हो रही हैं। उन्होंने प्रबंधन, यूनियन तथा सभी सहयोगी विभागों के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आष्वस्त किया कि बीआरएम आगे भी श्रेष्ठ प्रदर्षन करते हुए उत्पादन के नए लक्ष्यों को प्राप्त करेगी।

## भिलाई इस्पात संयंत्र ने की अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** संपदा न्यायालय द्वारा जारी डिक्री आदेष के आधार पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा 27 दिसम्बर, 2023 को टाउनषिप क्षेत्र के अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए बेदखली अभियान चलाया गया। इसके तहत बीएसपी भूमि पर श्री सुरेश कोठारी, पुत्र स्व. आसकरण कोठारी तथा श्री अंजय सुराणा पुत्र स्व. फूलचंद सुराणा द्वारा निर्मित अवैध कब्जों को हटाया गया। 28 दिसम्बर, 2023 को मिराज सिनेमा के ही शेष क्षेत्र 8400 स्कवायर फीट पर स्थित परिसर एवं दुकानों को सील किया गया है।

इससे पूर्व भी संपदा न्यालय के आदेश पर 4 फरवरी 2023 को 23100 स्कवायर फीट में मिराज सिनेमा पर कार्यवाही करते हुए सील किया गया था। पूर्व की यह कार्यवाही मिराज सिनेमा के एक लीज के हिस्से पर की गई थी। आज की गई कार्यवाही मिराज सिनेमा के शेष दूसरी लीज के हिस्से पर की गई। कार्यवाही के दौरान कब्जाधारियों को परिसर से बेदखल कर परिसर को यथावत स्थिति में ही में सील किया गया। कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार के सामानों की जप्ती नही बनायी गयी है तथा कार्यवाही के दौरान उपस्थित गवाहों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया। उपरोक्त प्रकरण में किसी भी न्यायालय से कोई रिलीफ या स्टे नहीं प्राप्त हुआ है। भिलाई इस्पात संयंत्र की भूमि/परिसर पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक द्वारा चिन्हांकन के पष्चात की जाती है। कार्यवाही में प्रवर्तन अनुभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित निजी सुरक्षा गार्डस , भिलाई नगर पालिक निगम, पुलिस प्रशासन, कोतवाली थाना के टी आइ मनोज प्रजापति, कार्यपालक मजिस्ट्रेट श्यामलाल साहू, ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा भूमि अनुभाग, जेसीबी मषीन, ट्रेक्टर-ट्राली इत्यादि संसाधनों के साथ लगभग 150 लोगों की टीम शामिल थी।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950